दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 334
कोटद्वार रविवार
16 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कार हादसे में नवविवाहिता की मौत, पति सहित चार घायल

**पिथौरागढ़।** सीमांत में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उसमें सवार नवविवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसके पति सहित चार लोग घायल हो गए। इस हादसे से क्षेत्र में शोक का माहौल है। नवविवाहिता की मौत से उसके मायके व ससुराल पक्ष में लोगों का रोरोकर बुरा हाल है। तवाघाट– छिरकला रोड पर शुक्रवार शाम डिग्गीबगड़ के पास एक अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सड़क से लगभग 50 मीटर खाई में जा गिरी। कार में सवार सभी यात्री स्यांकुरी से गर्गुवा जा रहे थे। इस हादसे में शादी के बाद पहली बार मायके जाकर अपने ससुराल लौट रही नवविवाहिता पूजा धामी 22पत्नी देवेन्द्र धामी की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसका पति देवेन्द्र 28 पुत्र आन सिंह धामी भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे में गौरव सिंह 23 पुत्र आनन्द सिंह,भरत सिंह 28 पुत्र कुंवर सिंह,मल्लिका 14 पुत्री राजेंद्र सिंह धामी भी घायल हो गए। थाना पांगला पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को सीएचसी धारचूला पहुंचाया। सभी घायलों का यहां उपचार चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## भारतीयों को पीएम मोदी सरकार पर अब भी भरोसा, 21 टॉप देशों में सबसे आगे

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारत के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर भरोसा है। मार्केट रिसर्च फर्म इप्सोस ग्लोबल ट्रस्ट मॉनिटर द्वारा दुनिया के 21 टॉप 21 देशों में कराए गए सर्वे से यह बात सामने निकलकर आई है। सर्वे का मकसद यह जानना था कि इन 21 देशों के लोगों को अपनी सरकार पर कितना भरोसा है। इसमें भारत के लोगों ने सबसे अधिक अपनी सरकार पर भरोसा जताया है। यूं कहें तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार दुनिया की सबसे भरोसमंद सरकार बनकर उभरी है।

फर्म ने कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित 21 देशों में लोगों से बात की। अधिकांश देशों में 16–74 वर्ष के बीच के लोगों से उनकी सरकार को लेकर राय मांगी गई। कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की और संयुक्त राज्य अमेरिका में 18–74 वर्ष के लोगों से बात की गई। यह सर्वे बीते साल अगस्त और सीतंबर महीने में संपन्न हुआ।

## ताजा हिंसा के बीच ओडिशा के संबलपुर में कर्फ्यू

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के संबलपुर शहर में ताजा हिंसा के बीच जिला प्रशासन ने अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। संबलपुर सदर के उपजिलाधिकारी प्रवेश चंद्र दंडसेना ने मौजूदा स्थिति की जानकारी मिलने पर शुक्रवार देर रात कर्फ्यू का आदेश जारी कर दिया। संबलपुर के छह थाना क्षेत्रों धनुपाली, खेतराजपुर, ऐंथापाली, बरेईपाली और सदरा में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक कर्फ्यू लगा दिया गया है।कर्फ्यू की अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति या लोगों के समूह को अपने घरों से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है।

हालांकि, जिला प्रशासन ने लोगों को सुबह 8 से 10 बजे और दोपहर 3.30 से सायं 5.30 बजे तक आवश्यक वस्तुओं की खरीद करने की अनुमति दी है।

उपजिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा,उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# थ्री डी पर चलती है गहलोत सरकारः शाह

**जयपुर, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राजस्थान में भरतपुर जिले में भाजपा के बूथ सम्मेलन को संबोधित किया। इस सम्मेलन में भरतपुर संभाग के 25000 से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और सीएम अशोक गहलोत पर हमला बोला, वहीं पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर तंज भी कसे। आइए पांच पांइट में समझते हैं कि शाह ने अपने भाषण में क्या–क्या कहा...।

अमित शाह ने कहा –एक जमाने में भाजपा पर कांग्रेस के नेता ताना मारते थे कि हम दो हमारे दो, लेकिन कांग्रेस के पास आज विपक्ष का दर्जा भी नहीं रहा है। भाजपा का विस्तार हमारे बूथ के कार्यकर्ताओं के पराक्रम और उनके आधार पर हो रहा है। मोदी जी ने 10 साल में भाजपा की विचारधारा, झंडा और कमल का निशान देश के हर घर तक पहुंचाने का काम किया है। शाह ने कहा– राहुल गांधी अभी देशभर में यात्रा कर पैदल चले। पत्रकारों ने पूछा इतनी बड़ी यात्रा करके नतीजा क्या होगा? कांग्रेस के घर जैसे नार्थ ईस्ट के 3 राज्यों में हुए चुनाव में ही पार्टी का सफाया हो गया।

अमित शाह ने कहा– अशोक गहलोत कुर्सी छोड़ना नहीं चाहते और सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। लेकिन सरकार तो भाजपा की बनने वाली है, पायलट जी आपका नंबर नहीं आने वाला। आपका कंट्रीब्यूशन कांग्रेस में गहलोत से ज्यादा हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के खजाने में गहलोत जी का कंट्रीब्यूशन आपसे अधिक है। इस सरकार ने राजस्थान को लूटने का काम किया है। गहलोत सरकार राजस्थान में आजादी के बाद सबसे भ्रष्ट सरकार में से एक है। गहलोत जी कान खोलकर सुन लें। 2024 के चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से राजस्थान में लोकसभा की सीटें जीतेगी और प्रचंड बहुमत के साथ 25 की 25 सीटें जीतेगी।

अमित शाह ने कहा अलवर के थानागाजी में पति के सामने पत्नी के साथ बलात्कार किया गया। दौसा में आदिवासी महिला का गैंगरेप किया गया। बालोतरा में बुजुर्ग महिला के कड़े काट कर निकाल लिए, लेकिन गहलोत सरकार के सिर पर जूं नहीं रेंग रही है। राजस्थान सरकार 3ऊ पर चलती है। दंगा का डी, महिलाओं से दुर्व्यवहार का डी और दलितों पर अत्याचार



का डी, ये 3डी सरकार है। राजस्थान के विभिन्न शहरों में दंगे होते हैं, लेकिन गहलोत सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती।

जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट को लेकर भी अमित शाह ने गहलोत सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान और गुजरात में बम ब्लास्ट हुए थे। तब की वसुंधरा सरकार ने आरोपियों को पकड़कर जेल डाला।

फांसी की सजा हुई, लेकिन गहलोत सरकार हाईकोर्ट में सही से दलीलें नहीं रख पाई, इसलिए सारे आरोपी छूट गए। गहलोत सरकार को शर्म करनी चाहिए। बम ब्लास्ट में मारे गए व्यक्तियों पर भी वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। गहलोत सरकार के जाने का समय निश्चित हो गया है। यह सरकार जनता के मन से उसी दिन निकल गई जब रामनवमी की शोभायात्रा पर रोक और भगवा झंडे लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया। गहलोत जी राजस्थान की जनता यह स्वीकार नहीं करेगी, आपकी तुष्टिकरण की राजनीति का चप्पे–चप्पे पर वोट देकर जनता जवाब देगी।

अमित शाह ने बूथ सम्मेलन में कार्यकर्ताओं से पूछा– अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से पूछा कि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है या नहीं बनाना है? तो आवाज ' हां ' में आई।

शाह ने कहा अगर, मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है तो 2024 से पहले एक ट्रेलर आ रहा है 2023 के विधानसभा चुनाव का। गहलोत को ये ट्रेलर दिखा दो, अपने आप 2024 में 25 में से 25 सीटें आ जाएंगी।

## प्रदेश में बढ़ने लगी किल्लत, आज इस सीजन की रिकॉर्ड बिजली मांग

**देहरादून।** गर्मियां बढ़ने के साथ ही प्रदेश में बिजली की किल्लत भी बढ़ने लगी है। शनिवार को यूपीसीएल ने इस सीजन की सर्वाधिक 43 मिलियन यूनिट (4 करोड़ 30 लाख यूनिट) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। कम उत्पादन के बीच यूपीसीएल को फिर बाजार से बिजली खरीदने की जरूरत पड़ने लगी है।

दरअसल, केंद्र सरकार से गैर आवंटित कोटे की बिजली तो यूपीसीएल को मिली लेकिन इस साल यूजेवीएनएल से बिजली का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले कम हो रहा है। गत वर्ष इन दिनों यूजेवीएनएल से 14.5 मिलियन यूनिट बिजली मिल रही थी जो कि इस साल केवल 8.5 मिलियन यूनिट मिल रही है।

यूपीसीएल के निदेशक परियोजना अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में बिजली की मांग इस सीजन की अब तक की सर्वाधिक 43 मिलियन यूनिट शनिवार को आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इसके सापेक्ष करीब 32 से 35 मिलियन यूनिट बिजली तो उपलब्ध है।

बाकी बाजार से खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि जैसे–जैसे गर्मी बढ़ रही है, बिजली की मांग भी बढ़ती जा रही है। बताया कि शुक्रवार को प्रदेश में बिजली की मांग करीब 41.6 मिलियन यूनिट आंकी गई थी जो कि शनिवार को बढ़कर 43 आंकी गई है।

## दिल्ली में तेजी से पैर पसार रहा कोरोना, 24 घंटे में सामने आए लगभग 1400 केस

### संक्रमण दर 31 फीसद के पार, 5 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में कोरोना के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1396 मामले सामने आए है। कोरोना की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए दिल्लीवासियों में डर का माहौल स्थापित हो गया है। वहीं, कोरोना से 5 लोगों ने जान गवाई हैं।

दिल्ली में कोरोना की संक्रमण दर भी 31.9 प्रतिशत पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में 4376 टेस्ट हुए है, जिसमें से 1396 सैंपल कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने बुलेटिन में बताया कि 24 घंटों में 1071 मरीज रिकवर हुए हैं।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि एक मरीज की मौत का प्राथमिक कारण ही कोरोना है। चार अन्य मरीजों की मौत का प्राथमिक कारण कोरोना नहीं है। इन मरीजों को पहले से कोई अन्य बीमारी थी। इससे पहले इस माह नौ अप्रैल को कोरोना संक्रमित चार मरीजों की मौत हुई थी। इस माह 15 दिनों में 32 मरीजों की मौत हो चुकी है।इनमें से ज्यादातर मरीज पहले से कई अन्य बीमारियों से पीड़ति थे। कोरोना के मामले बढ़ने के कारण सक्रिय



मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। मौजूदा समय में 4631 सक्रिय मरीज हैं। जिसमें से 258 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं।

इनमें से 54 मरीज आक्सीजन सपोर्ट पर और 12 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर भर्ती हैं। जिन इलाकों में संक्रमण अधिक है वहां कंटेनमेंट जोन बनाकर संक्रमण की रोकथाम के प्रयास किए जा रहे हैं। इस वजह से कंटेनमेंट जोन की संख्या भी तीन से बढ़कर चार हो गई है।

गाजियाबाद में नगर निकाय चुनाव की चहल–पहल बढ़ने के साथ कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार को 2094 लोगों की जांच रिपोर्ट आने पर जिले में 24 घंटे में 64 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। सक्रिय मरीज 357 हो गए हैं। 54 संक्रमित ठीक हुए है। 22 का अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

15 दिन में कोरोना के 564 केस मिल चुके है। अस्पतालों की ओपीडी में बिना मास्क लगाए ही मरीज पहुंच रहे हैं।

## गांव में लगाया गया पिंजरा, खौफ बरकरार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम डल्ला में बाघ का खौफ बरकरार है। दो दिन पूर्व बुजुर्ग को अपना निवाला बनाने वाला बाघ कब दूसरी घटना को अंजाम दे दें कुछ कहा नहीं जा सकता। हालांकि, वन विभाग ने बाघ को कैद करने के लिए गांव में पिंजरा लगाने की तैयारी कर ली है। साथ ही वन विभाग व राजस्व विभाग की अलग-अलग टीमें भी गांव में तैनात की जा रही है।

रिखणीखाल ब्लॉक के ग्राम डल्ला में बाघ के हमले के कारण ग्रामीणों में भय की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिलाधिकारी लैंसडौन सोहन सिंह सैनी ने तहसील स्तर पर आईआरएस प्रणाली को सक्रिय करते हुए क्षेत्र में लोगों से बाघ से सतर्क रहने के लिए कहा है। साथ ही क्षेत्र में गश्ती टीम का गठन भी किया गया है, जिसमें राजस्व, वन व पुलिस विभाग के दो-दो कर्मचारियों को शामिल किया गया है।

टीम डल्ला व आसपास के गांवों में गश्त करेगी और लोगों को बाघ से सचेत व सतर्क रहने के लिए जागरूक करेगी।

### विद्यालय रहे बंद

बाघ के आतंक को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर शनिवार को क्षेत्र के विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक खतरा गांव के बच्चों को बना हुआ है।

## सीएम धामी ने किया 'हिल की बात : युवा संवाद’ कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं से संवाद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में हिल की बात : युवा संवाद’ कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा उत्तराखण्ड की लोक परंपरा एवं संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा भाषण एवं कविता का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मुख्यमंत्री से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने हिल की बात : युवा संवाद कार्यक्रम में आये सभी विद्यार्थियों एवं युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनका देवभूमि उत्तर-खण्ड से कर्म एवं मर्म का रिश्ता है।



प्रधानमंत्री जी के 09 साल के कार्यकाल में उन्होंने उत्तराखण्ड के लिए लाखों करोड़ रूपये के कार्यों की स्वीकृतियां प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्य करने का मौका मिला है। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’ की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। जो भी भर्ती परीक्षाओं में धांधली करते हुए पाये गये उन पर सख्त कार्रवाई की गई। 90 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में जिस भी क्षेत्र को चुने, उसमें पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। यदि हम किसी कार्य को पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से करते हैं, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जो भी अपना कार्यक्षेत्र चुनें, उसमें लीडर की भूमिका में रहें।मुख्यमंत्री से स्कूल के छात्र–छात्राओं ने भी इस अवसर पर संवाद किया। विकासनगर की वंशिका ने पूछा कि अभिभावकों को कैसे समझाएं कि जो हम करियर में करना चाहते हैं, वे उसमें अपनी सहमति दे दें।

# डांडा नागराजा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

### मेले में राधा–कृष्ण, शिव पार्वती की झांकियां रही आकर्षण का केंद्र , मन्दिर का नव निर्मित सात मुखी शेषनाग का द्वार रहा आकर्षण का केंद्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पौड़ी जनपद प्रसिद्ध नागराजा मंदिर में आयोजित मेले में राधा-कृष्ण की झांकी एवं शिव पार्वती का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पौड़ी जिले के प्रसिद्ध डांडा नागराजा मंदिर में आयोजित मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मेले में गत वर्षों की भांति मुकेश कठैत और मनीष लखेड़ा शिवांगी शर्मा द्वारा एक से एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मेले में राधा कृष्ण की झांकी और शिव पार्वती की नृत्य आकर्षण का केंद्र रही। मेले में आस्था ने श्रद्धालुओ को दिल्ल,ी कोटद्वार, पौड़ी, सतपुली, ऋषिकेश, श्रीनगर से भारी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचे मंदिर परिसर भगवान शेषनाग का सात मुखी स्वागत द्वार सबको आकर्षण कर रहा है। इस मौके पर स्वागत द्वार का भी विधिवत लोकार्पण किया गया। यह सात मुखी शेषनाग द्वार का निर्माण प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान धनाऊ कमल रावत और उनके मित्र देवेंद्र सिंह रावत ने करवाया है। मंदिर वर्षों की भांति लसेरा गांव के ग्रामीणों ने नागराज का निशान ध्वज ढोल धमाऊ के साथ मंदिर पहुंचकर स्थापित किया। मेला परिसर में लोक गायक मुकेश कठेत ने श्री गणेश वंदना से भजन संध्या का शुभारंभ किया। उसके बाद मुकेश कठेत ने दैणा होया डांडा का नागराजा, नरेंद्र असवालने हवेली नारायणा, शिवांगी शर्मा व मनीष लखेड़ा ने शंभू भोलेनाथ



डांडा नागराजा मेले में राधा–कृष्ण की झांकी निकालते हुए कलाकार।

और बंसी बजे दिया कृष्णा भगवाना आदि भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मुकेश कठेत ने पांडव खेलो पासा आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। ज्ञात हो कि मुकेश पटेल विगत 11 वर्षों से निरंतर मेले में अपनी टीम के साथ भजन संध्या की प्रस्तुति दे रहे हैं। विशाल एवं पूजा द्वारा शिव-पार्वत, राधा-कृष्ण भगवान की आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की। मेले में मुख्य अतिथि हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पदमेंद्र बिष्ट, पौड़ी नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, जिला पंचायत सदस्य मुकेश बिष्ट, मंदिर समिति के संरक्षक एवं डांडा नागराजा धर्म क्षेत्र के अध्यक्ष सुभाष देशवाल ने मेले और मठ मंदिरों के संरक्षण को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मेलों का आयोजन होने से हमारी संस्कृति जीवित बची रहती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश चमोली, उपाध्यक्ष उपेंद्र भट्ट सचिव राजेन्द्र बिजल्वाण, कोषाध्यक्ष मुकेश बिष्ट, सह सचिव सुमनपाल सिंह, राम सिंह रावत, देवेन्द्र कुकरेती, बिरेंद्र सिंह रावत, गजेन्द्र चमोली, गुमान सिंह रावत, नत्थी सिंह रावत, पृथ्वीपाल सिंह लिंगवाल, पुजारी किशोर देशवाल, विनोद देशवाल, गणेश देशवाल, देवेंदर कुकरेती, शशीकान्त चमोली, सुभाष देशवाल, विरेन्द्र प्रसाद भट्ट आदि मौजूद रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था में नायब तहसीलदार हरेंद्र सिंह खत्री, राजस्व उपनिरीक्षक हेमंदर प्रकाश, मनोज कुमार, धजबीर चौहान, थाना अध्यक्ष देवप्रयाग सुनील पंवार अपनी पुलिस टीम के साथ मेला सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थे।

## केदारघाटी पहुंचा 9 हेलीकॉप्टर कंपनियों का स्टाफ

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर कंपनियों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। अपने–अपने हेलीपैडो में बुनियादी सुविधाएं जुटाने एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के लिए 9 हेलीकॉप्टर कम्पनियों का स्टाफ केदारघाटी पहुंच गया है। बताया गया कि 20 अप्रैल को अपने–अपने हेलीकॉप्टरों के साथ पायलेट भी केदारघाटी पहुंच जाएंगे।

आगामी 25 अप्रैल से होने वाली केदारनाथ यात्रा में इस बार हेलीकॉप्टर कम्पनियों पर अधिक दबाव रहेगा। इसलिए शासन से हेली कम्पनियों को बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को 9 हेलीकॉप्टर कम्पनियों का स्टाफ केदारघाटी पहुंच गया है। जो हेलीपैड पर अपनी व्यवस्थाएं जुटाने में लगे हैं। बताया गया कि 20 अप्रैल को सभी कम्पनियों के हेलीकॉप्टर भी केदारघाटी पहुंच जाएंगे।

# बधाणीताल मेले में रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन




रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली के बधाणीताल में दो दिवसीय पर्यटन एवं बैसाखी मेले का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया है। पहले दिन मां नंदा की डोली ने नृत्य व स्थानीय कलाकारों ने जोरदार प्रस्तुतियां दी, जबकि समापन अवसर पर लोक गायिका मीना राणा, साहब सिंह रमोला व साथी कलाकरों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मौह दिया।मेले के प्रथम दिन क्षेत्र की कुल देवी मां नंदा देवी की डोली को बधाणी गांव से ग्रामीण गाजे बाजे के साथ ताल स्थित मंदिर में लाए। इस दौरान भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शुक्रवार को मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर होते हैं, युवा पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए। इस अवसर पर बिशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, बांगर विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रौथाण, भाजपा उपाध्यक्ष सम्पूर्णानन्द सेमवाल, जिपंस मंजू सेमवाल, प्रधान इन्द्र लाल,क्षेपंस मुकेश शाह, क्षेपंस पुष्पा रौथाण, पुनीता सेमवाल, प्रधान सरवीर मेंगवाल, मेलाध्यक्ष मोर सिंह धिरवाण, पूर्व प्रमुख राजकुमारी रावत, क्षेपंस भूपेंद्र भण्डारी, सतीश सेमवाल, टीकाराम भट्ट सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राज्य में सक्षम लोग ही उठा रहे अधिकांश योजनाओं का लाभ : सुबोध उनियाल

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में सक्षम लोग ही अधिकांश सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तमाम योजनाएं बनाई हैं लेकिन जरूरतमंद लोग उनका लाभ नहीं ले पा रहे। शनिवार को यमुना कॉलोनी में पॉवर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन के अधिवेशन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को सरकार की नीतियों का वाहक बनना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जब उत्तराखंड को अलग राज्य बनाने का आंदोलन चल रहा था तो लोग कहा करते थे कि राज्य को तो हम बिजली बनाकर ही पाल लेंगे। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज भी हम बिजली के खरीददार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य अपनी क्षमता के अनुसार बिजली का उत्पादन नहीं कर पा रहा।

# स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



चमोली : नगर में चल रहे चार दिवसीय साहेब सांस्कृतिक एवं पर्यटन मेले के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार साहब सिंह रमोला, संजय कुमोला सहित मीना राणा ने कई कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मेले के तीसरे दिन शनिवार दोपहर को पांडाल में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में एसजीआरआर, आदर्श पब्लिक, आदर्श विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु और विद्या मंदिर, जीजीआईसी और जीआईसी, उमा देवी पब्लिक स्कूल, हिमालयन चिल्ड्रन एकेडमी सहित आस पास के सरकारी और निजी विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जबकि देहरादून से शुरू हुई मिलेट मिशन के लिए चलाई जा रही साइकिल यात्रा का भी मेला पांडाल पर स्वागत किया गया। इससे पूर्व शुक्रवार रात्रि को आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक थिरकते रहे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, ईओ गुरूदीप आर्य, जेई हरीश मैठाणी, नितिन सती, विनोद बरमोला, अंकित नेगी, सभासद नवीन नवानी, पूर्व नपा अध्यक्ष सुभाष गैरोला, हर्षवर्धन थपलियाल, कांति प्रसाद डिमरी, अनिल नेगी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और लोक कलाकार मौजूद थे। (एजेंसी)

# चोरी के सामान सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा




विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अंबाडी रोड बरोटीवाल निवासी एक ग्रामीण के निर्माणाधीन मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अमीरु रहमान पुत्र वाश्नु निवासी बरोटीवाला कोतवाली विकासनगर ने शनिवार को तहरीर देकर बताया कि अंबाडी रोड बरोटीवाला में उसका निर्माणाधीन मकान है। जहां से आरोपी इस्तखार पुत्र हमीद, शौकिन पुत्र इस्लाम उर्फ शम्भु, शुभम पुत्र सुरेश तीनो निवासी बरोटीवाला कोतवाली विकासनगर हेम्बर मशीन, पानी की मोटर, डायवेटर तीन फेस, गीजर का सामान, तीन कनशील्ड 15एसएस चोरी कर ले गये। इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू की। मामले में कार्रवाई के लिए कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने एसआई चंद्र शेखर नौटियाल के नेतृत्व में टीम गठित की। जिसमें पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ मुखबिर को सतर्क किया। जिसके बाद पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को शनिवार को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## आईआईपी में एक सप्ताह एक प्रयोगशाला अभियान शुरू

देहरादून। सीएसआईआर– भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी) ने अपने 64 वें स्थापना दिवस पर एक सप्ताह एक प्रयोगशाला अभियान का शुभारंभ किया है। इस अभियान में प्रौद्योगिकी, नवाचार व स्टार्ट अप में भारत की वैश्विक उत्कृष्टता पर प्रकाश डाला गया। मोहकमपुर स्थित आईआईपी में कार्यक्रम के मौके पर निदेशक आईआईपी डॉ.अंजन रे ने बताया कि आईआईपी उचित अपशिष्ट प्रबंधन के लिए रीयूज, रीसाइकिल, रिड्यूस एंड रिकवरी रणनीति अपनाकर इको कैम्पस स्थापित करने वाली प्रयोगशाला बन गई है।

# रघुनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



नई टिहरी : भिलंग पट्टी के मुख्य बाजार घुत्तु में बैसाख माह में लगने वाले मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, क्षेत्र के विभिन्न जगहों से पहुंची देव डोलियों के साथ स्थानीय लोगों ने भिलंगना नदी में स्नान कर भगवान रघुनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। भिलंगना ब्लाक के मुख्य बाजार में घुत्तु में बैसाख माह में लगे मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, क्षेत्र के विभिन्न जगहों से आई देव डोली और देव निशानों को भिलंगना नदी के पवित्र जल से स्नान करवाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान रघुनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। जिला पंचायत सदस्य सीता रावत ने कहा कि कोरोना काल के बाद लगे मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लोगों की भीड़ उमड़ी। मेले में उमड़ी भीड़ को देखते हुये स्थानीय व्यापारियों के साथ बाहर से आये व्यापारी भी काफी उत्साहित देखे। मेले में बच्चों खिलानों तथा महिलाओं ने सुहाग के सामान के साथ अन्य सामान की खरीदारी की। जलेबी, पकोड़ी और आइसक्रीम का आंनद भी लिया। मेले के चलते घुत्तु कस्बे में खूब चहल पहल दिखी। व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय उनियाल, चंद्र कंडारी, भजन सिंह रावत आदि व्यापारियों ने लोगों से आपसी भाई चारे बनाये रखने की अपील की।

## एक नजर

### अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

नई टिहरी : आगामी चार धाम यात्रा सीजन के मद्देनजर आबकारी विभाग ने घनसाली बाजार स्थित विभिन्न होटलों व ढाबों में छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी में टीम ने दो होटल से अवैध रुप से रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद की। आबकारी विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। आबकारी निरीक्षक दर्शन सिंह चौहान ने बताया कि आबकारी टीम ने नगर स्थित गुसाई होटल तथा तथा बस अड्डे स्थित गुसाईं रेस्टोरेंट में छापेमारी की कार्रवाई की गई। जहां टीम ने अभियुक्त शीशपाल सिंह गुसाईं से 73 तथा अभियुक्त विजेंद्र सिंह गुसाईं से अवैध रुप से रखे गए 54 अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद किए। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम में आबकारी उप निरीक्षक कमल कुमार, कॉन्स्टेबल आनंद सिंह गुनसोला, शेखर सिंह, पुलिस कांस्टे. शुभकरण पाल तथा अमित राठौर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### युवाओं को जी–20 से संबंधित जानकारियां दीं

ऋषिकेश। आईसीए इंस्टीट्यूट डाटा कंप्यूटर्स संस्थान में वाई–20 के तहत चौपाल कर वक्ताओं ने युवाओं को जी–20 और उससे संबंधित विभिन्न तथ्यों के बारे में बताया। शनिवार को चौपाल के जिला संयोजक शिवम टुटेजा ने छात्र–छात्राओं को जी–20 के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही युवाओं का उसमें क्या योगदान हो सकता है इस बारे में भी बताया। मेमेरी चैंपियन प्रतीक यादव ने सोशल मीडिया का सही उपयोग करने को प्रेरित किया। संस्थान के डायरेक्टर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में जी–20 सम्मेलन का भारत आयोजक है। मौके पर आदित्य नारायण सिंह, अनिल कुकरेती, अंशिका नेगी, शिखा कंडियाल, गौरव रमोला, विनोद चौहान, सौरभ, दिवाकर मिश्रा, अंशिका गौड़, अंशिका नेगी, संदीप शर्मा, आरुषि रावत, अनिल पोखरियाल, संजीव सेमवाल, अक्षय आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने किया केदारनाथ धाम का हवाई सर्वे

## केदारनाथ में हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों की जानकारी ली

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम यात्रा तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने केदारनाथ धाम का हवाई सर्वे किया। इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मुख्य सचिव को यात्रा तैयारियों के साथ ही केदारनाथ में हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने इसके बाद रुद्रप्रयाग में अफसरों के साथ बैठक ली।



शनिवार को मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने गुलाबराय से हेलीकॉप्टर द्वारा केदारनाथ का हवाई सर्वे किया। इस दौरान उनके साथ डीएम मयूर दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे मौजूद थे। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी से केदारनाथ धाम में अब तक हुई तैयारी और अन्य सभी व्यवस्थाओं की व्यापक जानकारी ली। सीएस ने डीएम मयूर दीक्षित एवं लोनिवि के एसई लोनिवि राजेश शर्मा को निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ धाम में जो भी पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं उन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में जो भी निर्माण सामग्री की जरूरत है उसे यात्रा शुरू होने से पूर्व प्राथमिकता पर धाम पहुंचा दिया जाए। उन्होंने सोनप्रयाग में यात्रियों का उचित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, हैली सेवा कंपनियों के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पुलिस के जवान तैनात करने, सफाई व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने, यात्रा पैदल मार्ग एवं धाम में संचालित होने वाले होटल, ढाबों से भी फीड बैक लेने, सुलभ शौचालय एवं यात्रा मार्ग में सफाई व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने, यात्रा कंट्रोल रूम संचालित करने, केदारनाथ धाम में यात्रियों के ठहरने के लिए उचित आवास व्यवस्था करने, ट्रैक रूट एवं धाम में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने आदि निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, डीएफओ रुद्रप्रयाग अभिमन्यु, लोनिवि के एसई राजेश शर्मा, एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमओ डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, सीओ प्रबोध कुमार घिल्डियाल, एसडीएम अपर्णा ढौंडियाल, लोनिवि के ईई जीएस रावत, तहसीलदार मंजू राजपूत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पूर्णाहुति के साथ पंचगव्य आचमन शुद्धिकरण यात्रा का समापन

ऋषिकेश। भैरव सेना देवभूमि भैरव वाहिनी की 9 अप्रैल से प्रारंभ हुई सात दिवसीय पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा शनिवार को ऋषिकेश त्रिवेणी घाट पर हवन की पूर्णाहुति के साथ समाप्त हुई। इस दौरान सभी तीर्थों में पंचगव्य आचमन अनिवार्य करने का शासनादेश जारी करने की मांग की गई। भैरव सेना के केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा कि पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा के पड़ावों में यमुनोत्री धाम, हनुमान चट्टी, जानकी चट्टी, गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी महाकाल विश्वनाथ मंदिर, चौरंगीनाथ, धारी देवी, रुद्रप्रयाग कोटेश्वर महादेव, रुद्रनाथ, गौरीकुंड, त्रिजुगी नारायण, गुप्तकाशी महाकाल, अर्द्धनारीश्वर, शीतकालीन केदारनाथ उखीमठ, मग्गूमठ्ठ, तुंगनाथ, अनुसूइया देवी, गोपीनाथ, जोशीमठ शीतकालीन बद्रीनाथ धाम, नृसिंह मंदिर, कर्णप्रयाग, श्रीनगर, देवप्रयाग, ऋषिकेश त्रिवेणी घाट आदि शामिल रहे। केशव स्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि अवैध धार्मिक घुसपैठ रोकने में पंचगव्य का आचमन अनिवार्य किये जाने का उपाय कारगर होगा। इसकी मांग संगठन विगत कई वर्षो से तीर्थ बचाओ अभियान के अंतर्गत जन चेतना के माध्यम से कर रहा है। मौके पर षड्दर्शन साधु समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत गोपाल गिरी, गंगा सभा ऋषिकेश के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल शर्मा, यात्रा संयोजक प्रदेश मीडिया प्रभारी करण शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण बुटोला, प्रदीप नगवाल, आचार्य धीरेन्द्र पंत आदि मौजूद रहे।

# सचिवालय–ए और विंग्स के बीच होगा फाइनल

देहरादून। अंतर सचिवालय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता से सेमीफाइल मुकाबलों में शानदार जीत के साथ सचिवालय–ए और सचिवालय विंग्स फाइनल में पहुंच गए हैं। सेमीफाइल में नवीन और हरीश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में शनिवार को सेमीफाइनल के मुकाबले हुए। पहला मैच सचिवालय विंग्स और सचिवालय वॉरियर के बीच खेला गया।

सचिवालय विंग्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए। सुंदर ने 77 और दीपक पंवार ने 26 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय वॉरियर्स की टीम 18.1 ओवरों में 131 रन पर ऑल आउट हो गई। नवीन रावत ने शानदार पांच विकेट लिए। विंग्स ने मैच 29 रनों से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में सचिवालय–ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट के नुकसान पर 235 रन बनाए। हरीश सैनी ने 66, सागर ने 41 और दीपक जोशी ने 33 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय राईजिंग की टीम 16.4 ओवरों मे 145 रनों पर ऑल आउट हो गई। सचिवालय ए ने 92 रन से मैच जीत। टिक राज ने तीन, आशुतोष और टी एच खान ने 2–2 विकेट लिए।

## समाज में सुधार के लिए करें तकनीक का उपयोग

देहरादून। जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को इंडस्ट्री एकेडमी मीट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. ओंकार सिंह और अन्य लोगों ने दीप जलाकर किया। प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्र हित में जरूरी हैं। इससे छात्रों को औद्योगिक जगत की विशिष्ट जानकारियां मिलेंगी। वहीं गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज उत्तर प्रदेश के इंक्यूबेशन हैड डॉ. राहुल सिंह ने कहा कि आज का समय टेक्नॉलॉजी का समय है। इस टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर कैसे आप आम जनमानस का जीवन स्तर में सुधार ला सकते हैं।

# नया ट्रैफिक प्लान भी फेल, जाम से नहीं मिली निजात

ऋषिकेश। 22 अप्रैल से शुरू हो रहे यात्रा सीजन के मद्देनजर तीर्थनगरी ऋषिकेश को जाम से मुक्त रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने शनिवार को रूट डायवर्ट किया। नया ट्रैफिक प्लान भी फेल हो गया। शनिवार को हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एआरटीओ से नटराज चौक और उससे आगे ढालवाला तक वाहनों का लंबा जाम रहा। जाम में फंसे गर्मी से बेहाल लोग पुलिस प्रशासन को कोसते नजर आए। यात्रा सीजन में तीर्थनगरी ऋषिकेश में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ रखने के लिए शनिवार को वीकेंड पर नया ट्रैफिक प्लान लागू किया। नए ट्रैफिक प्लान के मुताबिक हरिद्वार से ऋषिकेश आने वाले पर्यटक वाहनों को सीधे ऋषिकेश की बजाय नेपालीफार्म तिराहा रूट डायवर्ट कर भानियावाला, रानीपोखरी होते हुए ऋषिकेश रवाना किया। रूट डायवर्ट करने का असर हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पर नजर आया। खदरी श्यामपुर रेलवे क्रासिंग, श्यामपुर पुलिस चौकी तिराहे के संकरा होने से ट्रैफिक की रफ्तार थम गई , लेकिन यहां से आगे बढ़ने पर ट्रैफिक रफ्तार पकड़ता नजर आया। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एआरटीओ पहुंचते ही सुचारु ट्रैफिक थम गया। लंबे जाम से वाहन सरक सरक कर आगे बढ़े। बाईपास मार्ग पर तहसील चौक, नटराज चौक से आगे ढालवाला और भद्रकाली तिराहे तक वाहनों के लंबे जाम से पर्यटक और स्थानीय लोग हलकान रहे। गर्मी पड़ने से जाम में फंसे पसीने से तरबतर लोग पुलिस प्रशासन से खासे नाराज नजर आए। दोपहर तक बाईपास मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतरी रही।



# नशे को बढ़ावा दे रही है भाजपा सरकारः कांग्रेस

ऋषिकेश। कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह के तहत चौपाल लगाकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीते वर्षों में गुजरात के बंदरगाह पर पकड़े गए नशीले पदार्थों के प्रकरण के सवालों को लेकर पीएम मोदी को पोस्टकार्ड भी भेजे। शनिवार को सुभाष नगर बनखंडी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय भारत सत्याग्रह के तहत चौपाल लगाई। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि वर्ष 2016 से वर्ष 2022 के बीच करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ गुजरात के बंदरगाहों पर पकड़े जाने के समाचार आए हैं।



कहा कि इस अपराध में कौन लोग दोषी थे और उनके खिलाफ क्या कोई कार्रवाई की गई। इन सब सवालों पर केंद्र सरकार को जबाव देना चाहिए। महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी ने कहा कि देश में नशे की लत से देश की युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो रहा है, लेकिन दोषियों पर कारवाई क्यों नहीं हो रही। इन्ही सब सवालों को लेकर एक पत्र पीएम मोदी को भेजा जा रहा है। कहा कि देश के साथ–साथ आज उत्तराखंड भी नशे के जंजाल में फंस रहा है। सरकार स्वयं शराब को प्रमोट कर रही है। किताबें, दवा, तेल व राशन मंहगा हो रहा है और शराब को सस्ता किया जा रहा है। मौके पर अशोक मौर्य, पूजा शर्मा, नीतिका मौर्य, गीता, सीता, ममता, बबिता, उषा, रीता, उर्मिला राज, कुसुम, रेनू गुप्ता, सुमन, बालेश मौर्य, विनोद रतूड़ी, मंजू, सीमा मौर्य, कल्पना मौर्य, सुधीर मौर्य, अनुज मौर्य आदि रहे।

## देवप्रयाग कीर्तिनगर जन कल्याण समिति आयोजित करेगी रक्तदान शिविर

देहरादून। देवप्रयाग कीर्तिनगर जन कल्याण समिति एवं निफा के सहयोग से रविवार को पिक्चर पैलेस स्थित राधाकृष्ण मंदिर में सुबह 10 बजे से लेकर 3 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर के साथ ही नेत्र परीक्षण और कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें एम्स दिल्ली व सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के डॉ. अजीत तिवारी के साथ ही अन्य चिकित्सक मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण की जांच करेंगे।

# वेल्हम बॉयज स्कूल में मनाया वसंतोत्सव

देहरादून। वेल्हम बॉयज़ स्कूल में दो दिवसीय स्प्रिंग फेस्टिवल मनाया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के लर्निंग रिसोर्स सेंटर में एक पुस्तक मेले के साथ हुआ। इसके बाद माता–पिता के लिए अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति जानने के साथ शिक्षकों से मिलने को अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृति कार्यक्रम भी पेश किए। इस दौरान एक पारंपरिक समारोह के साथ मेधावी छात्रों को स्कार्फ ब्लेजर और गाउन देकर सम्मानित किया गया। इसमें शैक्षणिक और सह–शैक्षिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन के लिए अकादमिक कप्तान 2023–24 संकल्प गुप्ता को स्कॉलर्स स्कार्फ और गाउन से सम्मानित किया गया। प्रज्वल प्रसाद को लगातार 8 वर्षों तक उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए गोल्ड क्रेस्ट और एक स्कॉलर्स गाउन भेंट किया गया। गणित में उत्कृष्टता के लिए इंटर–हाउस रामानुजन ट्रॉफी कावेरी हाउस को प्रदान की गई। कावेरी हाउस ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए ट्रॉफी भी जीती।

# गर्मी का बढ़ने लगा प्रकोप, झुलसा रही धूप

## कोटद्वार शहर में धीरे-धीरे बढ़ने लगा है गर्मी का प्रकोप


कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी में पहुंचे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोटद्वार शहर में धीरे-धीरे गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आमजन को झुलसाना शुरू कर दिया है। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है। दोपहर के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

शनिवार को शहर वासियों के लिए सबसे गर्म दिन रहा। सुबह से पड़ रही तेज धूप ने आमजन के तन को झुलसाना शुरू कर दिया था। दस बजे के बाद धूप का प्रकोप धीरे-धीरे तेज होने लगा।

यही कारण था कि शनिवार दोपहर अन्य दिनों के मुकाबले बाजार में भीड़ भी कम दिखाई दी। घर के निकलते समय लोगों ने छाते का प्रयोग किया। वहीं, गर्मी से निजात पाने के लिए कई लोगों ने खोह नदी में डुबकी लगाई। श्री सिद्धबली मंदिर के समीप नदी में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने भी नदी में डुबकी लगाई। जिस तरह से शनिवार को गर्मी ने अपना रूप दिखाया उससे लगता है आने वाले समय में गर्मी और विकराल होने वाली है।

## डर के साये में जीवन यापन कर रहे कर्मचारी और परिजन

**पौड़ी :** हिसरिया मोहल्ले में स्थित वन विभाग के कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी खतरे की जद में है। यहां भूधंसाव के चलते कई सरकारी आवासों में दरारें पड़ चुकी हैं। ऐसे में इन सरकारी आवासों में रह रहे वन विभाग के कर्मचारी और उनके परिजनों को हर रोज डर के साए में जीवन यापन करना पड़ रहा है। हिसरिया मोहल्ले में रहने वाले वन विभाग कर्मचारियों के परिजनों ने बताया कि उनको आवंटित भवनों में दरारें उस वक्त पड़ने लगी जब आवासीय भवनों के नीचे निर्माणाधीन राजकीय पॉलीटेक्निक का निर्माण होने लगा है। इस निर्माण के दौरान भूमि कटान का कार्य भी किया गया जिसके बाद से ही सरकारी आवासीय भवनों में दरारें पड़ने लगी और जमीन धीरे-धीरे धंसने लगी। हालत यह है कि जमीन व पुश्ता काफी धंस चुकी है। कहा कि जल्द ही इन आवासीय भवनों व जमीन की मरम्मत जल्द ना हुई तो कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है। वहीं मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम डा.आशीष चौहान ने बताया कि वे इंजीनियर की एक टीम आवासीय भवनों का निरीक्षण करने के लिए भेजेंगे। साथ ही डीएफओ से भी आवासीय भवनों की स्थिति की रिपोर्ट मांगेंगे।

# स्कूली बच्चों को सीखाएं आग से बचाव के गुर

### अग्निशमन विभाग की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई कार्यशाला


कोटद्वार के डीएवी स्कूल में बच्चों को आग से बचाव के तरीके बताते अग्निशमन कर्मी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** अग्निसुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन दमकल विभाग ने स्कूली बच्चों को आग से बचाव के तरीके बताए। इस दौरान टीम ने जन-जन तक जानकारियों को पहुंचाने की भी अपील की। कहा कि आग से बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना आवश्यक है।

शनिवार को बलभद्रपुर स्थिति डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अग्निशमन विभाग ने मॉक ड्रिल के माध्यम से विद्यार्थियों को आग पर काबू पाने के तरीके बताए। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि गर्मियों के मौसम में छोटी चिंगारी भी बड़ी आग का रूप ले लेती है, इससे बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। कहा कि कहीं भी आग लगने की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दें। अग्निशमन अधिकारी रणधीर सिंह ने कहा कि कार्यशाला में मिली जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निशमन उपकरणों के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि प्रत्येक संस्थान को अपने परिसर में अग्निशमन यंत्रों को अवश्य रखना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के पर्यवेक्षक नितिन भाटिया सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहा।

# उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू


उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन को लेकर आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। पहले दिन मास्टर ट्रेनर ने शिक्षकों को पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के तरीके बताए।

राजकीय इंटर कालेज में मूल्यांकन से पूर्व मास्टर ट्रेनर सीतांशु खुगशाल व अनूप सिंह नेगी ने शिक्षकों को पुस्तिका मूल्यांकन के तरीके बताए। उन्होंने परीक्षकों को मूल्यांकन की बारीकियों से समझाते हुए त्रुटिहीन व प्रामाणिक मूल्यांकन कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से चरणबद्ध व व्यवस्थित ढंग से मूल्यांकन प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही परीक्षक के अतिरिक्त डिप्टी हेड, अंकेक्षक व पत्राचार में संलग्न कार्मिकों की भूमिका की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन अवधि में प्रशिक्षण सेल लगातार सक्रिय रहेगा। इस अवसर पर उत्तराखंड बोर्ड के अपर सचिव बृजमोहन सिंह रावत ने कहा कि बोर्ड ने पूरे राज्य के 29 केंद्रों पर पूरी तरह निष्पक्ष एवं प्रामाणिक मूल्यांकन कार्य की व्यवस्था की है, इस कार्य में करीब 45 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षक मूल्यांकन कार्य के महत्व को समझते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्व को पूर्ण करेंगे। इस मौके पर पर्यवेक्षक रवींद्र सिंह रावत, उप नियंत्रक मुकेश रावत, सह उप नियंत्रक दीपक नौटियाल, शैलेंद्र पांथरी, डा. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को सीपीआरसी तकनीक प्रयोग करने के गुर सिखाएं

**श्रीनगर गढ़वाल :** सेंट थेरेसा कान्वेंट स्कूल श्रीनगर में मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के एनेस्थिसिया विभाग की टीम ने विभागाध्यक्ष डा. अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को सीपीआरसी (आपातकालीन जीवन रक्षक टेक्निक) की जानकारी दी। इस मौके पर टीम ने बताया कि किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रूकने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। इस मौके पर उन्होंने आपातकाल जैसे सड़क दुर्घटना आदि मौकों पर सीपीआर तकनीक के प्रयोग करने के साथ लोगों की मदद करने हेतु आगे आने की अपील की। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर शोभिता, मैनेजर जोंस वर्गिस, भरत सिंह बिष्ट, नीलेश थपलियाल, बुद्धि प्रसाद बडोनी, कुंवर पुंडीर, ज्योति जुगराण, शीला रावत, नरेश डोभाल, मीनाक्षी खंडूड़ी, रेनू बहुगुणा आदि मौजूद रहे। संचालन भाविका गोयल व अरिबा अंसारी ने किया।

# चित्रकला प्रतियोगिता में अतुल्या द्विवेदी रहा अव्वल


महाविद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों के बनाए चित्र देखते शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में "विश्व कला दिवस" के अवसर पर आईक्यूएसी प्रकोष्ठ एवं चित्रकला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा अतुल्या द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

छात्र-छात्राओं ने "विश्व प्रसिद्ध चित्रकारों की कृतियों की अनुकृति" शीर्षक पर आधारित खूबसूरत चित्रों का सृजन किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विश्व के सुप्रसिद्ध चित्रकारों की कृतियों को पुनः प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के पश्चात छात्र-छात्राओं के चित्रों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अतुल्या द्विवेदी (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम, गौरव (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय, सिमरन बिष्ट (बीए द्वितीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान तथा दीपक कोटनाला (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद सिंह ने छात्र-छात्राओं को विश्व कला दिवस की बधाई दी। उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कलाकारों के कार्यों से प्रेरणा लेने को कहा। बताया कि किस प्रकार उनके कार्यों से सीख कर वे भी एक उत्कृष्ट चित्रकार बन सकते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अभिषेक गोयल ने छात्र-छात्राओ बताया कि विश्व के श्रेष्ठ एवं स्थापित कलाकारों के कार्यों से किस प्रकार आज के छात्र-छात्राओं को सीखना चाहिए, उनकी कला एवं तकनीक का गहन अध्ययन करना चाहिए जिससे कि उनकी कला का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने बताया कि कला एक साधना है जिसमें कि छात्र-छात्राएं निरंतर कठिन अभ्यास से ही सफल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि चित्र एक भाषा है, अतः कोई भी कृति तभी सफल होती है जब वह उसमें निहित भाव की अभिव्यक्ति करने में सफल हो।

इस अवसर पर डॉ. सीमा चौधरी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. शोभा रावत, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. अमित गौड, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. योगिता, डॉ. तनु मित्तल, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. नीता भट्ट, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. मुकेश रावत आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



कोटद्वार कोतवाली में स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोतवाली पुलिस ने 6.40 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर उसे क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों में बेचता था।

उपनिरीक्षक संजय रावत ने बताया कि शनिवार को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें लकड़ीपड़ाव निवासी अजय कुमार संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया।

तलाशी के दौरान उसकी जेब से स्मैक बरामद हो गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी अजय कुमार उत्तर प्रदेश के बिजनौर से स्मैक खरीदकर उसे युवाओं को महंगे दामों में बेचता था।

# नागरिक मंच ने दी रेल रोकने की चेतावनी

**कोटद्वार :** पूर्व में आश्वासन के बाद भी शहर की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि राज्य गठन के बाद भी गढ़वाल का प्रवेश द्वार कोटद्वार मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। निर्णय लिया गया है कि यदि 15 दिन के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो नागरिक मंच रेल रोको आंदोलन चलाएगा।

शनिवार को मंच के सदस्यों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। कहा कि राज्य गठन के 22 वर्ष बाद भी कोटद्वार शहर विकास को तरस रहा है। आश्वासन के बाद भी शासन-प्रशासन शहर की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा हैं। कहा कि कोटद्वार-कालागढ़, रामनगर बस सेवा बंद कर दी गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आश्वासन के बाद भी कोटद्वार-चिलरखाल-लालढांग हरिद्वार मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है। सरकार न्यायालय में मजबूत पैरवी भी नहीं कर पा रही है। ऐसे में कैसे शहर का विकास होगा यह बड़ा सवाल है। इस दौरान सदस्यों ने कोटद्वार रेलवे स्टेशन से हावड़ा व दिल्ली के लिए मसूरी एक्सप्रेस के संचालन, कोटद्वार में मेडिकल कालेज निर्माण, आबादी क्षेत्र में संचालित हो रहे ट्रैचिंग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग उठाई। कहा कि यदि 15 दिन के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो नागरिक मंच जनता के साथ मिलकर आंदोलन चलाएगा। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी, सचिव अतुल भट्ट, हर्षवर्धन ध्यानी, दिनेश जुयाल, राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं को बताया रुद्राभिषेक का महत्व


प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत ग्राम पाली में मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक करते ग्रामीण


**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** द्वारीखाल प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पाली में आयोजित शिव महापुराण के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से अपने परिवार व देश के लिए सुख-शांति की कामना की।

इस दौरान कथा वाचक आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने श्रद्धालुओं को रुद्राभिषेक के महत्व के बारे में बताया। कहा कि रुद्राभिषक करने से महादेव प्रसन्न होते हैं।

कथा का वाचन करते हुए आचार्य लखेड़ा ने कहा कि रुद्र भगवान शिव का ही प्रचंड रूप हैं। इनका अभिषेक करने से सभी ग्रह बाधाओं और सारी समस्याओं का नाश होता है। रुद्राभिषेक में शुक्ल यजुर्वेद के रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों का पाठ किया जाता है। शिव जी को प्रसन्न करने का सबसे आसान तरीका रुद्राभिषेक ही है। उन्होंने शिवलिंग पर चढ़ाई जाने वाली वस्तुओं के महत्व के बारे में भी बताया। कहा कि शिवलिंग में चढ़ने वाले दूध, दही, घी, शहद का अपना एक महत्व है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने दिन की शुरूआत शिव में जल चढ़ाने से करने की भी अपील की। इस मौके पर मधुसूदन सिंह रावत, अर्जुन सिंह रावत, महिमानंद काला, कमली नेगी, गीता रावत, मनोज काला, प्रकाश काला, प्रमोद चौहान, दिपेंद्र चौहान, अनूप रावत, बलवीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया एसडीएम, तहसीलदार और अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब


डीएम डॉ. आशीष चौहान यमकेश्वर ब्लॉक में कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने शनिवार को विकासखंड यमकेश्वर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ब्लॉक में सेवा पुस्तिका, एनपीएस पंजिका, उपस्थिति पंजिका, डाक पंजिका, विधायक निधि, अनुदान पंजिका सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी के पटल पर छठवीं लघु सिंचाई योजना के ऐसे पुराने आगणन की बुकलेट पाए गए हैं जिस पर आंकड़े भरे बिना ही पूर्व सहायक खंड विकास अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। विकासखंड में तैनात फील्ड कर्मचारियों की जनता से लाइजनिंग को जांचने के लिए जिलाधिकारी ने ग्रामवासी बनकर ग्राम फोन के माध्यम से ग्राम विकास अधिकारियों से योजनाओ की जानकारी ली। डीएम ने विकासखंड को जाने वाले मार्ग की खराब स्थिति पर संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व निर्माणदायी संस्था के अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब किया है। विकासखंड में तैनात जेई के भ्रमण पंजिका व उपस्थिति पंजिका में विरोधाभास पर जिलाधिकारी ने बीडीओ को उपस्थिति पंजिका को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। सहायक खंड विकास अधिकारी ललित मोहन जोशी के पटल पर पत्रावलियों को अव्यवस्थित देख जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को अपनी कार्यशैली में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को उपस्थिति पंजिका में कार्मिकों की छुट्टियों का अंकन व विकासखंड स्तर पर जेई का भ्रमण पंजिका को व्यवस्थित करने, विभिन्न पटलों के संबंधित कार्मिकों को पंजिका सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत पटल का निरीक्षण करते हुए आमडी व बनास गांव में हुए विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को गांव में जाकर कार्यों का सत्यापन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने मनरेगा कार्यों का निरीक्षण करते हुए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत अंत्योदय कार्ड धारकों को मनरेगा रोजगार देना सुनिश्चित करें। इस दौरान 30618 मनरेगा जॉब कार्ड हैं, जिसमें से 10487 मनरेगा जॉब कार्ड सक्रिय पाए गए। इस अवसर पर तहसीलदार यमकेश्वर श्रेष्ठ गुनसोला, खंड विकास अधिकारी दृष्टि आनंद, एविडिओ विनोद कुमार, ललित मोहन जोशी, एडीओ पंचायत दिनेश रावत, कनिष्ट अभियंता राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

# पिथौरागढ़ में कोरोना के चार नए मरीज मिले, अस्पताल में बढ़ाई सख्ती

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़ में कोरोना के चार नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में सख्ती और बढ़ा दी गई है। कोरोना एडवाजयरी के पालन के लिए कड़े निर्देश पीएमएस ने जारी किए हैं। बिना मास्क के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं देने को कहा गया है। 6 माह बाद जनपद में 12 अप्रैल को एक संक्रमण का मामला सामने आया था। अब चार नए मामले सामने आए हैं। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. जेएस नबियाल ने बताया कि सभी को कोविड एडवाजयरी का पालन करते हुए होम आइसोलेशन में रखा गया है। फिलहाल सभी की हालत सही है। उन्होंने कहा कि




लगातार कोरोना संक्रमितों के मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन यहां आ रहे रोगियों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है। कहा कि पूर्व में ही 11 अप्रैल को एक आदेश जारी कर अस्पताल में बिना मास्क के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गये हैं। शनिवार को अस्पताल में पर्ची काउंटर से लेकर ओपीडी में खड़े कई लोग मास्क पहने नजर आए। अस्पताल के मुख्य गेट पर सुरक्षा कर्मी ने सभी आने वालों को मास्क पहने बिना प्रवेश नहीं करने के नियम की जानकारी भी दी। जनपद मुख्यालय में अब भी सार्वजनिक स्थानों में लोग मास्क नहीं पहन रहे हैं। जिससे देश में बढ़ते मामलों के बीच सीमांत में भी संक्रमण का खतरा बना हुआ है। (एजेंसी)

**मास्क पहनना किया अनिवार्य**

पीएमएस जेएस नबियाल ने कहा है कि अब महिला अस्पताल में भी बिना मास्क के किसी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। कहा कि गर्भवती माताओं व नवजात शिशुओं को इस संक्रमण से बचाने के लिए सभी कोरोना एडवायजरी का पालन करें।

## नशे के खिलाफ पुलिस के साथ समाज को आगे आना होगा

पिथौरागढ़ : जिला पंचायत सदस्य जगत मतौलिया ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को रोकने की मांग की। प्रतिनिधियों ने बढ़ते अपराध को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला। कहा नशे के खिलाफ पुलिस के साथ समाज को भी आगे आना होना। शनिवार को जिला पंचायत सदस्य मतौलिया ने पुलिस महानिदेशक को मेल के माध्यम से पत्र भेजकर लचर कानून व्यवस्था का मामला उठाया। कहा थाने में सृजित पदों के सापेक्ष पुलिस कर्मियों और अधिकारियों की तैनाती नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी थाने में महिला पुलिस उप निरीक्षक की तैनाती नहीं की गई है। उन्होंने कहा हर साल नैनीताल व मसूरी की तर्ज पर पर्यटन पुलिस की मांग की जाती है

# सीडीएस में 1227 और एनडीए में 1799 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा



अल्मोड़ा : जिले में आज होने वाली संघ लोक सेवा आयोग की सीडीएस और एनडीए की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। परीक्षा की तैयारी को लेकर शनिवार को बैठक हुई। बताया कि 11 केंद्रों में आयोजित सीडीएस परीक्षा में 1227 और एनडीए परीक्षा में कुल 1799 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। दोनों परीक्षाओं का आयोजन सुबह आठ से शाम पांच बजे तक अलग-अलग पालियों में होगा।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम सीएस मर्तोलिया ने परीक्षा केंद्रों के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर बिजली, पानी व्यवस्था दुरुस्थ रखने, आयोग के सभी दिशा निर्देशों का भली भांति पालन करने समेत परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर संघ लोक सेवा आयोग से जनपद में नामित प्रतिनिधि से संपर्क करने के निर्देश दिए। (एजेंसी)

**धारा 144 लागू**

अल्मोड़ा : संघ लोक सेवा आयोग दिल्ली की ओर से एनडीए और एनएसडीसी की लिखित परीक्षा के दिन केंद्रों की 200 मीटर परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने दिए हैं।

# बाहर से आ रहे लोगों की कोरोना जांच कराई जाए



पिथौरागढ़ : नगर में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर अभाविप ने बाहरी राज्यों व जनपदों से आ रहे लोगों की जांच की मांग की है। उन्होंने डिप्टी सीएमओ डॉ.हेमंत मतौलिया को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं और लोगों में बुखार, जुकाम, गले दर्द की शिकायत आम हो गई है। अभाविप ने कोरोना संक्रमण के लगातार आ रहे सक्रिय मामलों की रोकथाम के लिए गाइडलाइन जारी करने व बाहरी लोगों की जांच की मांग की है। जिला सह संयोजक इन्दर सिंह बथ्याल ने कहा कि पिछले दिनों से जनपद पिथौरागढ़ में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे है आगे भी इसमें इजाफा हो सकता है। पिथौरागढ़ में बाहर से काफी लोग आ रहे हैं जिनकी कोरोना जांच नहीं की जा रही है। युवाओं ने घाट,सेराघाट सहित अन्य स्थानों पर कोरोना जांच कराने की मांग की है। इस दौरान नगर मंत्री तिलक राज पाठक, कॉलेज उपाध्यक्ष पूजा भंडारी, कॉलेज सह मंत्री मनोज माहरा मौजूद रहे। (एजेंसी)

# खाद्यान्न वितरण बंद करने की दी चेतावनी

अल्मोड़ा : पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की बैठक में लंबित बिलों का भुगतान नहीं होने पर एक मई से राशन वितरण न करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए शासन–प्रशासन से लंबित बिलों के भुगतान की मांग उठाई। शनिवार को नंदादेवी मंदिर परिसर में हुई बैठक में पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और राष्ट्रीय खाद्यान्न योजना के तहत बांटे गये राशन के बिलों का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ है।

इससे गल्ला विक्रेताओं में भारी रोष व्याप्त है। बैठक में तय कि गया कि जब तक आंगनबाड़ी को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न का अग्रिम भुगतान नहीं किया जाता है, कोई भी विक्रेता आंगनबाड़ी को राशन सप्लाई नहीं करेगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष संजय साह रिक्खू, महामंत्री केसर सिंह, मनोज वर्मा, अभय साह, राजेंद्र सिंह, प्रकाश भट्ट, रमेश भाकुनी, संदीप नंदा, राजेंद्र सिंह लटवाल, महेंद्र सिंह देवड़ी, चंदन सिंह मेहरा, कुंवर सिंह, सुरेश सांगा, विपिन तिवारी, बिशन सिंह, दिनेश गोयल, भूपेंद्र मेहता, प्रताप सिंह, किशन लाल, आनंद सिंह, पान सिंह, लक्ष्मण सिंह मेहरा समेत कई गल्ला विक्रेता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकालेगें संवैधानिक मार्च

अल्मोड़ा : एनएमओपीएस संगठन की ओर से नंदादेवी मंदिर परिसर में शनिवार को संवैधानिक मार्च की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्मिकों को मार्च की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। मार्च आज यानि रविवार को होगा, जिसमें जिले भर से कर्मचारी भाग लेंगे। सभी कार्मिकों से मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संवैधानिक मार्च में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाएगा।

कहा कि लंबे समय से सरकार कार्मिकों की पुरानी पेंशन मांग बहाली की मांग को लगातार नजरअंदाज कर रही है। कई राज्य




में पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है। कहा कि सभी कर्मचारी रविवार सुबह दस बजे नंदादेवी में एकत्र होंगे। यहां से चौघानपाटा तक मार्च निकाला जाएगा।

इसके बाद प्रशासन के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में सभी कार्मिकों से मार्च को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह भंडारी, जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल, दीपक तिवारी, मनोज कुमार जोशी, धीरेंद्र कुमार पाठक, डीके जोशी, राजू महरा, जगदीश भंडारी, गिरिजा भूषण जोशी, प्रमोद मेहरा, नितेश कांडपाल, खुशाल महर, जीवन लाल साह, देवेश बिष्ट, आनंद पाटनी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सेवानिवृत्त सर्वे अमीन से से भूमि की पैमाइश कराई तो कार्रवाई : कमिश्नर

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर ने रामनगर में सेवानिवृत्त सर्वे अमीन से भूमि की पैमाइश कराए जाने को गंभीरता से लिया है।

मामले में उन्होंने एसडीएम को फटकार लगाते हुए फिर से इस तरह का प्रकरण सामने आने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। शनिवार को कैंप कार्यालय में कुमाऊं कमिश्नर ने जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान रामनगर में रिटायर्ड सर्वे अमीन से पैमाइश का कार्य कराने का मामला सामने आया।

इस पर कमिश्नर ने कहा कि सेवानिवृत्त अमीनों से भूमि की पैमाइश कराना न्यायसंगत नहीं है। क्योंकि वर्तमान में किसी भी सेवानिवृत्त अमीन को भूमि की पैमाइश का लाइसेन्स नहीं दिया गया है। कमोला निवासी विमला बिष्ट ने भूमि की अदला–बदली के बाद दाखिल खारिज नहीं होने का मामला उठाया। जिस पर मण्डलायुक्त ने आगामी शनिवार को दोनों पक्षों को बुलाकर मामले का समाधान करने के निर्देश दिए। हल्दूचौड़ निवासी चिंतामणि तिवारी ने 2016 में खरीदी गई जमीन की दाखिल खारिज नहीं होने का मामला उठाया। जिस पर मंडलायुक्त ने प्रकरण को लैंड फ्रॉड समिति में शामिल करते हुए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। एसडीएम मनीष सिंह, रेखा कोहली, जिला सूचना अधिकारी ज्योति सुंदरियाल, तहसीलदार संजय कुमार मौजूद रहे।

## वाहन दुर्घटना में युवक की मौत पर मुकदमा

हल्द्वानी। पुलिस ने वाहन दुर्घटना में युवक की मौत पर पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ज्योलीकोट तल्लीताल निवासी गोविंद जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 29 जनवरी को उनका बेटा नितिन जोशी (30) घर से हल्द्वानी को निकला था। भुजियाघाट के पास धानमिल निवासी पिकअप चालक शुभम नेगी ने बेटे को अपने साथ बैठा लिया। गुलाबघाटी के पास पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में नितिन की मौत हो गई। कहना है कि इस बीच मानसिक अवसाद के चलते वह पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करा पाए। उन्होंने पिकअप चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# किताबें स्वस्थ्य व शिक्षित समाज का निर्माण करने में सहायक: बसंती

बागेश्वर। बैजनाथ में दो दिवसीय किताब कौथिक महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षत बसंती देव, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने संयुक्त रूप से रीबन काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। देव ने कहा कि किताबें स्वस्थ्य व शिक्षित समाज के निर्माण में सहायक होती हैं। यह महोत्सव इस शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें विभिन्न भाषाओं के 50 से अधिक लेखकों की किताबों का प्रदर्शन एवं विक्री हेतु रखी गई है। बैजनाथ झील किनारे आयोजित कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि कपकोट विधायक गड़िया ने बच्चों व युवाओं से किताबों से दोस्ती करने की अपील




की। उन्होंने कहा सरकार शिक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील है तथा सभी स्कूल, विद्यालयों व कालेजों में बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रयासरत है। जिलाधिकारी पाल ने कहा पुस्तक मेला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में किताबों के प्रति रुचि पैदा करना है। ऐसे पुस्तक मेलों में बच्चों को स्कूली विषयों से हटकर विभिन्न लेखकों, प्रशासकों की असंख्य पुस्तकों की विविधता मिलती है, जिससे बच्चे रुचि लेकर पढ़ सकते हैं। इसके बाद कुमाऊंनी लेखक मोहन जोशी द्वारा ऋंगवेद व गरूड़ पुराण का भावानुवाद पुस्तकों का विमोचन किया गया। किताब कौथिक में इतिहासकार डॉ. शेखर पाठक, कुमाऊंनी गायक कलाकार प्रह्लाद मेहरा, हिमांशु कफलटिया, चारु तिवारी, नमन तिवारी, ललित तिवारी, प्रसिद्ध फोटोग्राफर थ्रीष कपूर आदि ने अपने विचार रखे। संचालन नैनीताल से आए हेमंत बिष्ट व बागेश्वर के आलोक पांडे ने किया।

**विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई**

गरुड़। किताब कौथिक में स्टार गेजिंग, साइंस, क्वीज, आर्ट, ऐपण आदि जैसी प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। बच्चे व युवाओं ने स्टार गेजिंग (नक्सत्रों) का भी आनंद उठाया। महोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। साहित्यकारों एवं लेखकों द्वारा भी व्याख्यान एवं परिचर्चाएं आयोजित हुई। डायट द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**ये रहे मौजूद**

कौथिक महोत्सव में ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फस्वार्ण, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन लोहनी, सुनीता आर्या, गोपाल किरमोलिया, घनश्याम जोशी, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उप जिलाधिकारी हरगिरी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति आर्या, कौथिक कमेटी सदस्य हेम पंत, दयाल पांडे, हेम खोलिया, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलडा, प्रकाश पर्वतीय, ललित तिवारी, कैलाश जोशी आदि मौजूद रहे।

# कठपुड़ियाछीना ब्लॉक के लिए जल्द शुरू होगा आंदोलन

बागेश्वर। कठपुड़ियाछीना जन संघर्ष समिति की यहां आयोजित बैठक में लंबित मांगों पर चर्चा की गई। तय किया गय कि कठपुड़ियाछीना ब्लॉक के लिए एक बार फिर से आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। निर्माणाधीन तरमोली पेयजल योजना में भारी अनियमितता का आरोप लगाया। मामले की जांच की मांग की गई। कठपुड़ियाछीना में शनिवार को समिति की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से अलग ब्लॉक की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक इसका लाभ नहीं मिला है। अब इसके लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ब्लॉक नहीं बनने से उन्हें



प्रशासनिक इकाई का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि बिलौना–तल्लासेरा–सिमतोली मोटर मार्ग के निर्माण से उनका मुख्य मार्ग ध्वस्त हो गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी है। किसानों को उनकी कटी भूमि का भी मुआवजा तक नहीं मिल पाया है। तरमोली में नई पानी की टंकी बनाने के बजाए पुरानी टंकी में ही पानी डाला जा रहा है। कठपुड़िया में लंबे समय से सोलर टंकी की मांग चल रही है। उसका निर्माण भी आज तक नहीं हो पाया है। इसके अलावा में बाजार में सार्वजिक शौचालय नहीं होने से लोग परेशान हैं। प्रशासन से जल्द शौचालय बनाने की मांग की गई। अध्यक्षता अध्यक्ष नरेंद्र रावत व संचालन महोश मिश्रा ने की। इसम मौके पर अशोक बिष्ट, एसके मिश्रा, पूरन सिंह रावत, देवीदतत मिश्रा, प्रेम राम, गोपाल सिंह मेहता तथा जगमोहन मेहता आदि मौजूद रहे।

# औरत शब्द को भारत में प्रतिबंध किया जाए'

हल्द्वानी। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने औरत शब्द को अरबी गुलामी की मानसिकता से ग्रसित बताया है। इस शब्द को पूरे देश में प्रतिबंध कर विद्यालयों के पाठ्यक्रम से भी हटाने की भी मांग की है।

संस्था के पदाधिकारियों ने इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व मार्गदर्शक पूजा लटवाल ने कहा कि स्कूलों में औरत शब्द की पढ़ाई कराकर बच्चों को बचपन से ही अरबी गुलामी की मानसिकता से ग्रसित कर रहे हैं।

यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण निंदनीय है। भारत सरकार से मांग है कि औरत शब्द को सम्पूर्ण भारत में यथाशीघ्र प्रतिबंध कर विद्यालयों के पाठ्यक्रम से हटाया जाए।

यहां संस्था संरक्षक हरीश चंद्र पांडे, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, सचिव नन्दकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, समाजसेवी मनोज कुमार, रवि गुप्ता, प्रीती आर्या, शैफाली जायसवाल, चेतना लटवाल, कंचन जोशी, काजल खत्री, जानकी रैगाई, जानकी कश्यप, नन्दकिशोर आर्या, मुकेश साहू, नवीन तिवारी, संदीप यादव, राजेश साहू, सुशील राय, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को युवकों ने पीटा, मुकदमा

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में पेट्रोल भरवाने को लेकर कुछ युवकों ने पंप कर्मचारियों से मारपीट कर दी। पंप स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कुसुमखेड़ा स्थित अब्दुल्ला पेट्रोल पंप के स्वामी अशफाक हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे एक युवक स्कूटी में पेट्रोल भरवाने पंप पर पहुंचा।

सेल्समैन केदार नाथ ने युवक से स्कूटी की टंकी खोलने को कहा तो वह गाली–गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने सेल्समैन के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच



युवक के अन्य साथी भी कार से पेट्रोल पंप पहुंच गए। वहीं बीच बचाव को आए कर्मचारी भूपेश पांडे को भी उन लोगों ने पीट दिया। इसके बाद पेट्रोल पंप खोलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सभी फरार हो गए। इस दौरान कुछ लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो दिन भर चर्चा का विषय रहा। एसओ मुखानी रमेश बोहरा ने बताया कि पंप स्वामी की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

उन्होंने बताया सीसीटीवी व वीडियो से आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# जल संस्थान के अंशकालिक मजदूरों का प्रदर्शन

बागेश्वर। कुमाऊं अंशकालिक मजूदर संघ जल संस्थान के कर्मियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बढ़ाया गया मानदेय डेढ़ साल बाद भी उन्हें नहीं दिया गया है। इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन से जुड़े कर्मचारी शनिवार को नुमाईशखेत के पास एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सितंबर 2021 से उनके मानदेय में एक हजार रुपये की बढ़ोत्तरी की गई, लेकिन आज तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिला है। उन्हें दिया जाने वाला 3650 रुपया ऊंट के मुंह में जीरा



साबित हो रहा है। महंगाई के इस दौर में घर चलाना भारी पड़ रहा है। इस मांग को लेकर वह लंबे समय से आंदोलित हैं, लेकिन उन्हें आश्वासनों की घुट्टी पिलाई जा रही है। उन्होंने मानदेय हर महीने समय पर खातों में डालने की मांग की है। इस मौके पर चनर राम, तारा सिंह, पनी राम , जीवन राम, मोहन राम, नंदकिशोर, जगदीा चंद्र, जगत सिंह, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## चौपाल में लोगों ने सराहा हल्द्वानी विधायक का कार्यकाल

हल्द्वानी। जय भारत सत्याग्रह चौपाल के तहत शनिवार को वार्ड 48 (मल्ली बमौरी) और वार्ड 59 (तल्ली बमौरी) में कांग्रेस ने चौपाल लगाई। वार्ड 48 में वरिष्ठ अधिवक्ता डीडी जोशी के आवास व वार्ड 49 में कांग्रेसी नेता कौशलेंद्र भट्ट के आवास में चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने स्थानीय लोगों से उनका और क्षेत्र का हालचाल जाना। साथ ही अपने एक साल के कार्यकाल का फीडबैक भी लिया। वहीं विधायक ने सभी से एकजुटता और आपसी सद्भाव के साथ विकासमुखी सोच को लेकर जीने की बात कही।

# पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौपा शव

हल्द्वानी। भियाल गांव नाथुवाखान में हाईटेंशन लाइन पर काम करते समय करंट लगने से जान गंवाने वाले लाइनमैन का शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों को सौंप दिया गया। ऊर्जा निगम की ओर से परिजनों को 80 हजार रुपये तत्कालीन मदद मुहैया करायी गई है।

भियाल गांव नाथुवाखान में शुक्रवार दोपहर में हाईटेंशन लाइन पर काम करने के दौरान राजेंद्र प्रसाद (38) पुत्र प्रेम राम की करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता राजीव चक्रवर्ती व उपखंड अधिकारी मनोज तिवारी ने बताया था कि हादसे की जगह पर दो फीडर मुक्तेश्वर व सुयालबाड़ी हैं। लाइनमैन ने मुक्तेश्वर वाले में फीडर पर शटडाउन मांगा था पर वह सुयालबाड़ी वाले फीडर पर चढ़ गए।

इस कारण यह हादसा हुआ है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बिजली ठेकेदार गोपाल भट्ट ने बताया कि मृतक के परिवार को मुआवजा दिलवाने के लिए का-र्रवाई की जा रही है। ऊर्जा निगम के एसडीओ मनोज तिवारी ने बताया कि परिवार को विभाग की ओर से 80 हजार रुपये तात्कालिक सहायता दी गई है। जांच के बाद 3 लाख 80 हजार रुपये परिजनों को दिए जाएंगे।

## 18 स्कूलों ने दिया नोटिस का जवाब

हल्द्वानी। प्राइवेट पब्लिकेशंस की किताबें खरीदवाने को लेकर निजी स्कूलों ने सफाई देनी शुरू कर दी है। शनिवार को हल्द्वानी शहर के 18 स्कूलों ने शिक्षा विभाग को नोटिस का जवाब भेजा है। हालांकि, इनमें से अधिकांश ने किताबें खरीदवाने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया है मगर, आश्वस्त किया है कि उन्होंने पाठ्यक्रम से एक्स्टा बुक्स पूरी तरीके से पाबंद कर दी हैं।

# तिथि में बदलाव की मांग, टंकी पर चढ़े छात्र संघ पदाधिकारी

### अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा के दिन हो रही महाविद्यालय परीक्षा तिथि में बदलाव की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : 17 से 26 अप्रैल तक भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा व महाविद्यालय की परीक्षाएं एक ही तिथि पर पड़ने पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। महाविद्यालय की छुट्टी होने के बाद पदाधिकारी तिथि में बदलाव की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गये। देर शाम तक प्रशासन व पुलिस की टीमें छात्रों से टंकी से नीचे उतरने की अपील करती रही।



कोटद्वार महाविद्यालय में अपनी मांगों को लेकर टंकी पर चढ़े छात्र संघ पदाधिकारी

शनिवार को छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में पदाधिकारी महाविद्यालय की परीक्षाओं की तिथि बदलने की मांग उठा रहे थे। महाविद्यालय की ओर से संतुष्ट जवाब नहीं मिलने पर पदाधिकारियों का गुस्सा भड़क उठा। महाविद्यालय की छुट्टी होते ही छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, महासचिव शुभम सुयाल, कोषाध्यक्ष मेघा ध्यानी महाविद्यालय में स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय के स्नातक के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं हो रही हैं। ऐसे में 17 से 26 अप्रैल को भारतीय थल सेना की ओर से अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा तिथि निर्धारित की गई है। दोनों परीक्षाओं की तिथि एक साथ होने से विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पदाधिकारी लगातार महाविद्यालय व विश्व विद्यालय से महाविद्यालय की परीक्षा तिथियों में बदलाव की मांग कर रहे हैं। लेकिन, विद्यार्थियों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

वहीं, पदाधिकारियों के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलने के बाद महाविद्यालय, प्रशासन व पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंच गई थी। देर शाम तक अधिकारी पदाधिकारियों से टंकी से नीचे उतरने की अपील करते रहे। लेकिन, पदाधिकारी तिथि में बदलाव की मांग पर अड़े हुए थे।

## खेल से सामूहिक भावना को आत्मसात करने में मिलेगी मदद

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड में डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में संस्थान के छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। जिसका उदघाटन एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने किया।

इस मौके पर प्रो. अवस्थी ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में उपयोग करने और उनके अंदर सामूहिक भावना को आत्मसात करने में मदद करती है। साथ-साथ ये युवा पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा में बने रहने में मदद करती है। इस मौके पर प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी, छात्र, कर्मचारी और संकाय सदस्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बिना फिटनेस के वाहनों के नहीं बनेगें ग्रीन कार्ड

### अब तक बनें 115 ग्रीन कार्ड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : चार धाम यात्रा को लेकर परिवहन महकमे की ओर से ग्रीन कार्ड बनने शुरू हो गए है। चार धाम यात्रा पर जाने वाले वाहन के स्वामियों से कहा गया है कि ग्रीन कार्ड बनाने से पहले अपने वाहनों की फिटनेस से लेकर इंजन, लाइट आदि सभी कुछ देख लें। बिना फिटनेस के वाहनों के ग्रीन कार्ड नहीं बनाएं जाएंगे। विभाग के अनुसार अब तक 115 ग्रीन कार्ड बन चुके है। पौड़ी के आरटीओ द्वारिका प्रसाद ने बताया कि चार धाम यात्रा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 21 अप्रैल से परिवहन की चेक पोस्ट सोन प्रयाग में शुरू कर दी जाएगी। इसके साथ ही चार धाम यात्रा पर आने वाले वाहनों की चेकिंग के लिए रूटीन दल के अलावा तीन अन्य दल भी रहेंगे। जिसमें ऋषिकेश से श्रीनगर रूट, रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड और रुद्रप्रयाग से बदरीनाथ रूट पर एक-एक दल वाहनों की चेकिंग के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक कर्णप्रयाग में 50 और कोटद्वार में 65 ग्रीन कार्ड बने है। वाहन स्वामियों के लिए ग्रीन कार्ड बनाने की सुविधा इसके साथ ही पौड़ी, रुद्रप्रयाग में भी है। इन दफ्तरों से भी चार धाम यात्रा पर जाने वाले वाहन के लिए ग्रीन कार्ड बनाएं जा सकते है। यात्रा को देखते हुए सोनप्रयाग में चेक पोस्ट 21 अप्रैल से काम करनी शुरू करेगी। इसके लिए स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। यहां दो पालियों में कार्मिक ड्यूटी पर रहेंगे। सोनप्रयाग से गौरीकुंड रूट के लिए चार धाम यात्रियों के लिए करीब 500 टैक्सी-मैक्सी की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में यहां यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर ली गई है।

# आज सात केंद्रों पर होगी एनडीए, सीडीएस परीक्षा



श्रीनगर गढ़वाल : संघ लोक सेवा आयोग की एनडीए/सीडीएस की 16 अप्रैल रविवार को आयोजित होने वाली परीक्षा के सफल संचालन के लिए बिड़ला परिसर में कार्यशाला हुई। इस मौके पर उप जिला अधिकारी अजय वीर सिंह ने सभी केंद्रों के वेन्यू सुपरवाइजर, को-सुपरवाइजर, कक्ष निरीक्षक, एलओयू को त्रुटि रहित परीक्षा को संपादित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी यूपीएससी से आई गाइडलाइन को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका अक्षरशः पालन करें।

कार्यशाला के नोडल अधिकारी प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि संघ लोक सेवा की यह परीक्षा महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। इसलिए सभी पूरी निष्ठा से काम करें। कार्यशाला मे जो भी निर्देश या जानकारी दी जा रही हैं उनका अच्छे से पालन करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए श्रीनगर में सात केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें कुल 1828 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिसमें से तीन केंद्रों पर सीडीएस की परीक्षा होगी। जिसमें 786 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे बिड़ला। जबकि एनडीए के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 1042 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

दूसरी ओर संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि मनमोहन सिंह रावत ने श्रीनगर के सभी केंद्रों का निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने सुपरवाइजर और एलआईयू को परीक्षा से संबंधित जानकारी और निर्देश दिए। कार्यशाला में सीओ श्रीनगर, श्याम दत्त नौटियाल, प्रो. वीसी शर्मा, प्रो. एमसी सती आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 19 अप्रैल तक कराएं आपत्ति दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की गत आठ अप्रैल को आयोजित हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी अपने-अपने विषय के प्रश्नों के सही उत्तरों के विकल्प इसमें देख सकते हैं। प्रवेश परीक्षा कोर्डिनेटर प्रो. अनिल नौटियाल ने बताया कि यदि कोई अभ्यर्थी किसी विषय के किसी प्रश्न में आपत्ति दर्ज कराना चाहता है तो वह 19 अप्रैल सायं पांच बजे तक कोर्डिनेटर प्रवेश परीक्षा सेल के ई–मेल पर अपनी आपत्ति तथा उससे सबंधित आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न कर प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। (एजेंसी)

# डीएम ने स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर के कार्मिकों को लगाई फटकार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के पास बने डीप बरियल पिट में बायो मेडिकल वेस्ट पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात कार्मिको को कड़ी फटकार लगाई। वहीं चिकित्सालय में एक्सपायरी डेट के डस्टिंग पाउडर व इंजेक्शन पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात फार्मेसिस्ट सीपी भट्ट को एडवर्स एंट्री दिए जाने के साथ-साथ संबंधित एमओआईसी का स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर की बदहाल व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। चिकित्सालय में पसरी गंदगी को देख जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित चिकित्सक को कड़ी फटकार लगाई, वहीं प्रसव कक्ष के रिसते जल संयोजन, गैलरी में लगे विद्युत संयोजन को ठीक करवाने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी यमकेश्वर स्मता परमार, बीडीओ दृष्टि आनंद, डॉक्टर पारुल आदि उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यमकेश्वर का निरीक्षण करते हुए।

# तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर दिया

रुद्रप्रयाग : आगामी केदारनाथ धाम की यात्रा को देखते हुए गौरीकुंड में व्यापारियों की एक बैठक हुई जिसमें व्यापारियों ने तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं देने पर जोर दिया। व्यापारियों ने कहा कि जहां हमें साफ–सफाई का विशेष खयाल रखना होग वहीं तीर्थयात्रियों से मधुर व्यवहार भी करना होगा ताकि यात्री यहां से अच्छा संदेश लेकर जाए। केदारनाथ के प्रमुख पड़ाव गौरीकुंड में शनिवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में यात्रा सीजन की पहली बैठक हुई। इस मौके पर सभी व्यपारियों को निर्देशित किया गया कि केदारनाथ धाम आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत करें साथ ही उनसे मधुर व्यवहार करें। सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था का भी ध्यान रखें। सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में कूड़ादान रखने के साथ ही रेट लिस्ट लगाएं। व्यपारियों को किसी अनहोनी से बचाव के लिए दुकान का बीमा करने की भी सलाह दी गई। प्लास्टिक उन्मूलन के लिए प्लास्टिक बोतलों पर बार कोड लगाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी दुकान एवं रेस्टोरेंट स्वामियों को क्यूआर कोड लगी पानी की बोतलें विक्रय करने को कहा गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सभी व्यापारियों एवं स्थानीय व नेपाली मूल के व्यापारियों को मांस एवं शराब का सेवन और बिक्री किसी भी दशा में न करने को कहा गया। कहा कि जिसके पास अनैतिक सामान पकड़ा जाएगा उस दुकान को खाली करवा दिया जाएगा। व्यापारियों ने सभी बिन्दुओं पर सहमति दी। व्यापारियों ने गौरीकुंड में पानी की निकासी के लिए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर व्यापार मंडल उपाध्यक्ष सुशील गोस्वामी, महामंत्री मुकेश गोस्वामी, प्रकाश गोस्वामी गौरीशंकर गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, अनूप गोस्वामी, कैलास गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# टिहरी विधायक ने की केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से सड़कों के सुदृढ़ीकरण की मांग

नई टिहरी : टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर टिहरी विधानसभा के तहत लगभग 600 किमी. की 13 सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर पत्र सौंपकर अवगत कराया कि सड़कों के निर्माण को लेकर टिहरी उपेक्षित है। जबकि टिहरी का देश, प्रदेश सहित दिल्ली के विकास में अहम रोल है।

केंद्रीय सड़क मंत्री को लिखे पत्र में विधायक किशोर ने केंद्रीय सड़क निधि व केंद्रीय सड़क अवसंरचना के तहत सड़कों की निर्माण व सुदृढ़ीकरण की मांग की।

जिन सड़कों के निर्माण व सुदृढ़ीकरण की मांग की है। उनमें लगभग चार किमी की चंबा बाईपास मोटर मार्ग का डीबीएम व बीसी के तहत सुदृढ़ीकरण व डामरीकरण, 30 किमी. के नागणी से जड़धार गांव नागदेस पथल्ड मोटर मार्ग होते हुए कुड़ियाल गांव बहेड़ा चंबा मोटर मार्ग का डीबीएम व बीसी द्वारा सुदृढ़ीकरण व डामरीकरण, 8 किमी के नई टिहरी जाख डोबरा भल्डियाना कमांद मोटर मार्ग का डीबीएम व बीसी के तहत सुद्दीकरण व डामरीकरण,18.5 किमी सुरसिंगधार ज्ञानसू गंगोली कोटेश्वर मोटर मार्ग का डीबीएम व बीसी के तहत सुद्दीकरण व डामरीकरण, 12.8 किमी के चौपड़ियाल गांव से सौड़ मोटर मार्ग का डीबीएम व बीसी के तहत सुद्दीकरण व डामरीकरण, 27.5 किमी की रोड़धार पौड़ीखाल गराकोट जाखणी धार मोटर मार्ग का डामरीकरण, 31 किमी की हिंडोलाखाल–देवप्रयाग–व्यासघाट बिलखेत राजमार्ग संख्या 49 के टिपरी रोड़धार प्रभाग में बीसी द्वारा नवीनीकरण, 16 किमी के अंजनीसैंण बैसोली मोटर मार्ग के किमी 1 से 16 में डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, 10.5 किमी के जीरो ब्रिज से सैण पिपोला मोटर मार्ग का डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण, 8 किमी के भैंतोगी डोबरा मोटर मार्ग का डामरीकण, 12 किमी के पिपलडाली चाह गडोलिया मोटर मार्ग टिपरी रोड़धार मोटर मार्ग से सौणधाल्डी का डामरीकरण, 7.5 किमी के पिपलीडाली चाह गडोलिया मोटर मार्ग व टिपरी रोड़धार मोटर मार्ग का डामरीकरण व 7.1 किमी के पौखाल महाविद्यालय से गेंवली स्वाड़ी लिंक टिपरी कांडीखाल गेंवली मोटर मार्ग एवं कंडियाल गांव से चंद्रबदनी मोटर मार्ग का डामरीरकण करवाने की मांग की है। जिस पर केंद्रीय सड़क मंत्री ने कार्यवाही का भरोसा दिया है। (एजेंसी)

## वार्षिकोत्सव 17 अप्रैल को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजमती देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज तिमली का वार्षिकोत्सव सोमवार 17 अप्रैल को आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय मंमगाई ने बताया कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव 2022-23 आयोजित किया जाना है।

जिसमें विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी समेत नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, सीईओ डा. आनंद भारद्वाज आदि शिरकत करेंगे। बताया कि कार्यक्रम प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा।

# मिसब्रांडेड कार्बोनेट वाटर की 411 बोतलें नष्ट करवाई

नई टिहरी : खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा व पर्यटन सीजन को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र मुनिकीरेती में खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में निरीक्षण करते हुए सुरक्षित व शुद्ध खाद्य पदार्थ उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की हिदायत दी। खाद्य सुरक्षा के मानकों के विपरीत चलने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मिसब्रांडेड कार्बोनेट वाटर की 411 बोतल मौके पर ही नष्ट करवाई। खाद्य संरक्षा विभाग के जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनिकीरेती क्षेत्र में पालिका के साथ संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया।

जिसमें खारा स्रोत, देवबंद पार्किंग, राम झुला, जानकी झुला पार्किंग सहित बाजार में खाद्य कारोबार कर रहे लोगों के प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खुले दो दूध के सैंपल भी जांच के लिए भेजे गये। मिसब्रांडेड बेचा जा रहा काबोनेट वाटर की बोतलें भी बड़ी मात्रा में नष्ट करवाई गई। खाद्य कारोबारियों को यात्रा काल में ताजी खाद्य सामग्री उपभोक्ताओं को देने की हिदायत देते हुए टाल फ्री नंबर सहित रेट लिस्ट, खाद्य सामग्री की कालातीत अवधि की जानकारी चस्प करने को भी कहा गया। खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी में ठोस कार्यवाही की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा देवी, नपा मुनिकीरेती के मनोज विष्ट सहित टीम मौजूद रही। (एजेंसी)


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-पौड़ी

पत्रांक :- 92 / दो-लेखा-15/निविदा-सूचना /2022-23/ दिनांक 13-04-2023

## ''अल्पकालीन निविदा सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड देहरादून की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की सीलबन्द-निविदा दिनांक 26-04-2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदायें अद्योहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा उसी दिन 01:00 बजे खोली जायेंगी। कार्य की निविदा दिनांक 25-04-2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक प्रखण्ड कार्यालय पौड़ी में बेची जायेंगी। उक्त कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्तें आदि किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0) | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य चिकित्साधिकारी आवास का रेनोवेशन, मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। | पौड़ी | 14.30 | 42900.00 | 1500.00+ GST18% | 03 माह | 45 दिन | श्रेणी ''डी'' /उच्च |

शर्तें:-

01- ठेकेदार द्वारा कार्य की अनुमानित लागत का 3% धरोहर धनराशि की NSC/KVP/ सावधि पासबुक/शिडयूल बैंकों के FDR/CDR आदि जो अधिशासी अभियन्ता, कार्यालय ग्रा0नि0वि0, प्रखण्ड पौड़ी के नाम बन्धक हो, निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

02- निविदा के साथ 100.0 रू0 का स्टाम्प पेपर पर 1.00 रूपये की रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त होना अनिवार्य होगा।

03- बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ठेकेदार द्वारा किसी भी कार्य की निविदा क्रय की जाती है तो उसे निविदा बाक्स में धरोहर धनराशि सहित डालना आवश्यक है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि ठेकेदार द्वारा निविदा पुलिंग के इरादे से क्रय की गई है। ऐसे ठेकेदार पर विभागीय कार्यवाही की जा सकती है।

04- निविदा/ऐसी निविदा जिससे कार्य सम्पादन कराने पर कार्य की गुणवत्ता खराब होने की पूर्ण सम्भावना प्रतीत हो, को स्वीकार नहीं की जायेगी।

05- ऐसे ठेकेदार जिनके द्वारा गठित अनुबन्ध के कार्य समयान्तर्गत पूर्ण नहीं किये गये हैं को निविदा विक्रय हेतु प्रतिबन्धित किया जायेगा।

06- मैनुअल फार्म संख्या 76/जी0पी0डब्लयू0-9, जो लागू हो की समस्त शर्तें इस निविदा के साथ मान्य होगी।

07- निविदा में शिड्यूल 'बी' की मदवार कार्य की अंकित मात्रा घटायी-बढ़ाई जा सकती है जिसके लिये ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

08- समय-समय पर शासनादेशों के अनुसार आयकर/ GST/रायल्टी एवं अन्य कटोतियां नियमानुसार ठेकेदार के बीजक से की जायेगी।

09- एक या सभी निविदाओं को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

10- प्राविधिक परीक्षक (टी0ए0सी0) उत्तराखण्ड द्वारा निरीक्षण के उपरान्त कार्य पर यदि कोई कमी पाई जाती है, या कोई वसूली निकाली जाती है, तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार को वहन करना पड़ेगा। आवश्यकता पड़ने पर टी0ए0सी0 की जांच के उपरान्त ठेकेदार की जमानत की धनराशि वापिस की जायेगी।

11- यदि शासन/सम्बन्धित विभाग द्वारा समय पर अवशेष आवंटन निर्गत नहीं किया जाता अथवा किसी अपरिहार्य कारणवश निर्माण कार्य को रोकने के आदेश दिये जाते हैं य उक्त कार्य को स्थगित किया जाता है तो ठेकेदार को उसी स्थिति में कार्य रोकना पड़ेगा तथा ठेकेदार किये गये कार्य के लिए ही भुगतान का दावेदार होगा। अवशेष कार्य हेतु ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

12- विभाग में पंजीकृत ठेकेदार को निविदा क्रय करते समय पंजीकरण प्रमाण पत्र (लाईसेन्स) साथ लाना अनिवार्य होगा। लाईसेन्स बिना दिखाये निविदा फार्म दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

13- निविदा दाता द्वारा कार्य की सभी मदों की दरें मदवार (Item Wise) अंकित करनी अनिवार्य हैं। प्रतिशत में दरें मान्य नहीं होगी।

14- यदि निविदा दाता द्वारा विभागीय दरों से अत्यधिक कम दरों पर निविदा दी जाती है तो शासनादेश संख्या-6447/III/(2)/11-20 (सा0)/11 दिनांक 20 जनवरी 2013 में निहित प्राविधानों के अनुसार निविदा दाता को अतिरिक्त कार्यपूर्ति गारण्टी के रूप में धनराशि जमा करनी होगी।

15- कार्य का अन्तिम भुगतान सम्बन्धित विभाग से अन्तिम किस्त प्राप्त होने एवं हस्तान्तरण के उपरान्त ही किया जायेगा। किसी त्रुटिपूर्ण/दोषपूर्ण कार्य के कारण यदि हस्तांतरण में कोई बाधा आती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

16- ठेकेदार से अपेक्षा की जाती है कि वह कार्यस्थल का भती-भांति निरीक्षण कर ले एवं कार्य योजना से भली-भांति अवगत होने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें। निर्धारित अवधि से अतिरिक्त समय देय नहीं होगा तथा कार्य की प्रगति माइलस्टोन के अनुरूप ही रखनी होगी। अन्यथा जी0पी0डब्ल्यू0-9 की शर्तों के अनुसार अर्थदण्ड की कटौती की जायेगी।

17- ठेकेदार द्वारा सभी मदों की दरें जी0एस0टी0 सहित प्रस्तुत करनी अनिवार्य हैं।

18- सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

19- किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

20- निविदा के साथ प्रस्तुत G.S.T पंजीकरण पूरे अनुबन्ध हेतु मान्य होगा। भुगतान के दौरान अन्य पंजीकरण मान्य नहीं होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

# सरकार फैक्ट चेक करेगी

यह विशुद्ध रूप से खबर को नियंत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।

अभी एक महीना नहीं हुआ है, जब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक अंग्रेजी अखबार के कार्यक्रम में कहा था कि फेक न्यूज विभिन्न समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकता है और साथ ही इससे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी खतरा पैदा हो सकता है और अब केंद्र सरकार फर्जी खबरों पर रोक लगाने के लिए फैक्ट चेक का कानून लेकर आ गई है। सरकार इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमीडियरी गाइलाइंस एंड डिजिटल मीडिया इथिक्स कोड) रूल्स, 2021 को लागू करने जा रही है।

इस कानून के पहले मसौदे में कहा गया था कि प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो यानी पीआईबी की ओर से बताया जाएगा कि सरकार से जुड़ी कौन सी खबर फर्जी है और उसे सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाना होगा। अब सरकार ने इसमें थोड़ा संशोधन किया है। इसमें से पीआईबी को हटा दिया गया है और उसकी जगह सरकार ने एक फैक्ट चेक यूनिट बनाने को कहा है। इस यूनिट की ओर से जिस खबर को फर्जी बताया जाएगा उसे हर जगह से हटाना पड़ेगा। यह कानून लागू होने का मतलब है कि तमाम ऑनलाइन इंटरमीडियरीज जैसे यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि से लेकर इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों को सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात माननी होगी और उसकी बताई खबर को हटाना होगा।

सरकार इसे चाहे जो कहे लेकिन यह विशुद्ध रूप से खबर को नियंत्रित करने का प्रयास है। यह प्रत्यक्ष रूप से खबरों को सेंसर करने का प्रयास है। मुख्यधारा की मीडिया पर कमोबेश नियंत्रण के बाद सरकार अब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। हालांकि वहां सरकार और सत्तारूढ़ दल के आईटी सेल का बनाया नैरेटिव ही ज्यादा चर्चा में रहता है और ज्यादा फेक न्यूज उनकी तरफ से प्रचारित किया जाता है। फिर भी जो थोड़े बहुत स्वतंत्र यूट्यूब चैनल या सोशल मीडिया अकाउंट्स हैं उनको इसके जरिए नियंत्रित किया जा सकता है।

इस कानून में विवाद की स्थिति में मध्यस्थता का भी कोई प्रावधान नहीं है। अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या उसके यूजर को लगता है कि सरकार की फैक्ट चेक यूनिट की बात सही नहीं है तो उसे इसे अदालत में ही चुनौती देनी होगी। तभी ज्यादा संभावना इस बात की है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियां कानूनी मुकदमों में उलझने की बजाय सरकार की बताई खबर को हटाने का विकल्प चुनेंगे। ऐसे में निष्पक्ष और तटस्थ या सरकार विरोधी खबरों का स्पेस और कम होगा।

# बुजुर्गियत और ठहरा, थका अमेरिका !

**सन् 2009 से बाईडन के निजी चिकित्सक रहे केविन ओ कोनर के अनुसार बाईडन अब भी 80 साल के एक स्वस्थ और फुर्तीले पुरूष हैं जो राष्ट्रपति पद से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन करने के लिए फिट हैं। जहां तक डोनाल्ड ट्रंप का सवाल है, व्हाईट हाउस के एक डाक्टर के अनुसार उनकी जीन्स इतनी अपूर्व और असाधारण हैं कि यदि वे अपने खानपान का थोड़ा सा भी ख्याल रखते तो कम से कम 200 साल जीते। अपनी रिपब्लिकन पार्टी से जो नेता ट्रंप को चुनौती दे रहे हैं उनमें हैली के अलावा फ्लोरिडा के 44 वर्षीय गवर्नर रोन डेसांटिस, पूर्व विदेशमंत्री माईक पोमपियो जो 59 साल के हैं, पूर्व उपराष्ट्रपति माईक पेन्स, जो इस धरती पर 63 साल बिता चुके हैं, और 57 साल के सीनेटर टिम स्काट, शामिल हैं।**

श्रुति व्यास



अमेरिकी राजनीति में बड़े मियांओं का बोलबाला है। इस कदर किसब ठहरा सा, सब कुछ बासा–बासा सा लगता है। और सन 2025 तक तो वहां राजनीति और गतिहीन व सुस्त हो जाएगी। जो बाईडन ने 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लडऩे का फैसला किया है। बाईडन 80 साल के हैं और दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपतियों में से एक हैं।उधर76 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार होने की प्रबल सम्भावना है। सो कही अमरीका भी अपने राजनीतिज्ञों की उम्रदराज़, बुढ़ा नहीं हो चला है?

शक नहीं कि जो बाईडन ने अपने कठिन कार्यकाल में जबरदस्त सक्रियता व कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्हे गंभीर अंदरूनी और बाहरी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसलिए उनके राष्ट्रपति बनने के समय से ही यह प्रश्न पूछा जाता रहा है और पूछा जाता रहेगा कि क्या वे फिर राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे? या फिर वे अपनी उम्र के मद्देनजर चैन की बंसी बजाते हुए रिटायर्ड जीवन गुजारने का फैसला लेंगे? आखिरकार उन्हें राजनीति में बहुत समय हो गया है। वे अपनी युवावस्था से राजनीति में हैं। सन् 1972 में वे सीनेट के लिए चुने गए थे। इस तरह उनका सार्वजनिक जीवन आधी सदी से लम्बा हो गया है। अगर वे दुबारा राष्ट्रपति बनते हैं तो अपने दूसरे कार्यकाल की समाप्ति तक वे 86 साल के हो होंगे। हाल में व्हाईट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बिल क्लिंटन की मेजबानी की जो तीन दशक पहले राष्ट्रपति थे किंतु उनसे चार साल छोटे हैं।

और जो बाईडन अकेले नहीं हैं। सीनेट के रिपब्लिकन सदस्य मिच मेकोनेल 81 साल के हैं? उनके नाम सीनेट के इतिहास में सबसे अधिक अवधि तक सदस्य रहने का रिकार्ड है। वे रिटायर होने के मूड में कतई नहीं हैं। चक शूमर, जो इसी सदन में बहुमत प्राप्त डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं, 72 साल के हैं। सीनेटर बर्नी सेंडर्स, जो पिछली दो डेमोक्रेटिक प्रायमरीज में वामपंथियों के अगुवा रहे हैं, 81 साल के हैं। पिछले साल तक 82 वर्ष की नेन्सी पिलोसी, हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स में डेमोक्रेटों की नेता थीं और वे अपनी पार्टी की सबसे लंबी अवधि की नेता है। उनके रिटायरमेंट की वजह उनकी आयु नहीं बल्कि रिपब्लिकनों के पक्ष में लहर थी।

जो बाईडन और डोनाल्ड ट्रंप ऐसे पहले राजनेता नहीं हैं जिनकी उम्र को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं और आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। सन् 1984 में एक शो में जब संचालक ने रोनाल्ड रीगन को याद दिलाया कि वे अमेरिका के (उस समय तक के) वृद्धतम राष्ट्रपति हैं, तो 73 साल के रीगन ने जवाब दिया–"मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि मैं उम्र को चुनावी मुद्दा नहीं बनाना चाहता। मैं अपने प्रतिद्वंदी की कम उम्र और अनुभवहीनता का उपयोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं करना चाहता!" रीगन भारी बहुमत से दुबारा राष्ट्रपति बने।

सन् 2009 से बाईडन के निजी चिकित्सक रहे केविन ओ कोनर के अनुसार बाईडन अब भी 80 साल के एक स्वस्थ और फुर्तीले पुरूष हैं जो राष्ट्रपति पद से जुड़े सभी दायित्वों का निर्वहन करने के लिए फिट हैं। जहां तक डोनाल्ड ट्रंप का सवाल है, व्हाईट हाउस के एक डाक्टर के अनुसार उनकी जीन्स इतनी अपूर्व और असाधारण हैं कि यदि वे अपने खानपान का थोड़ा सा भी ख्याल रखते तो कम से कम 200 साल जीते। अपनी रिपब्लिकन पार्टी से जो नेता ट्रंप को चुनौती दे रहे हैं उनमें हैली के अलावा फ्लोरिडा के 44 वर्षीय गवर्नर रोन डेसांटिस, पूर्व विदेशमंत्री माईक पोमपियो जो 59 साल के हैं, पूर्व उपराष्ट्रपति माईक पेन्स, जो इस धरती पर 63 साल बिता चुके हैं, और 57 साल के सीनेटर टिम स्काट, शामिल हैं।

तो 82 और 77 साल के ये बड़े मियां फिर से चुनाव क्यों लडऩा चाहते हैं? एक कारण सत्ता प्रेम हो सकता है। जहां तक ट्रंप का सवाल है, वे सत्ता से दीवानगी की हद तक प्रेम करते हैं। या फिर यह भी हो सकता है कि अमरीकी राजनीतिज्ञ यह मानते हों कि उम्र रिटायरमेंट का कारण नहीं हो सकती बल्कि वह तो उन्हें सत्ता में रहने के लिए और सुपात्र बनाती है। भारत में भी यही हाल है। हमारे अधिकांश नेता खासे बुजुर्ग हैं। बहुत से 70 के पार हैं और कुछ 80 के पार भी। परंतु रिटायरमेंट के बारे में शायद वे सोचते ही नहीं हैं। वे दिन–रात सत्ता के पीछे भाग रहे हैं और युवाओं को 'पप्पू' और 'वंशवाद के लाभार्थी' ठहरा रहे हैं। सत्ता हासिल करने के लिए वे देश को बांटने के लिए तैयार हैं, जैसे इस समय अमेरिका बंटा हुआ है। ऐसा कहते हैं कि सत्ता भ्रष्ट करती है।

मुझे ऐसा लगता है कि सत्ता, 70 साल के बाद व्यक्ति के दिमाग को भी भ्रष्ट कर देती है। कई लोग कहते सुने जाते हैं कि नौकरी से रिटायरमेंट के बाद वे 'जनसेवा' में जुट जाएंगे जिसका अर्थ होता है राजनीति में जाना। जहां तक युवाओं का सवाल है, 18 से 35 साल के लंबी दाढियों और शिकायतों की उससे भी लंबी लिस्ट लिए चिर असंतुष्ट युवकों की फौज अमेरिका और भारत दोनों में है।और ये नौजवान किसी भी ऐसी सरकारी रेवड़ी या लाभ प्राप्त करने को आतुर रहते हैं जिसके लिए उन्हें कोई काम न करना पड़े।

राजनीति में अक्सर जो दिखता है, हम उसे ही सही मान लेते हैं।

अमरीका की कांग्रेस में वर्तमान सीनेट इतिहास में बुजुर्गियत के लिहाज से दूसरे नंबर (औसत आयु 63.9 वर्ष) पर है और हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स तीसरे नंबर (औसत आयु 57.5 वर्ष) पर। अर्थात, बुजुर्गों का यह जमावड़ा उस देश पर शासन कर रहा है जिसकी औसत आयु 38 वर्ष है। अमेरिकी भी नहीं चाहते कि बाईडन साहब फिर से चुनाव मैदान में कूदें। इसका कारण वे यही बताते हैं कि उनकी उम्र कुछ ज्यादा हो गई है। परंतु जब समय आएगा तब वे 80 साल के इस आदमी को फिर से चुनाव जिता देंगे। सडक़ों पर विरोध और समर्थन में प्रदर्शन होंगे तथा देश और विभाजित हो जाएगा। भारत हो चाहे अमेरिका दोनों में ऐसे नेताओं को चुना जाना बंद होना चाहिए जिनकी उम्र कुछ नया सोचने और करने की नहीं रह गई है। लोगों को ऐसे हाथों में शासन की बागडोर देनी होगी जो अपने जीवन के पांचवें दशक या ज्यादा से ज्यादा छठवें दशक के शुरूआती सालों में हों।

# नेल पॉलिश को सुखाने में नहीं लगेगा अधिक समय, आजमाएं ये 5 तरीके



यदि आप अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाना पसंद करती हैं, लेकिन इसके सूखने का इंतजार करना परेशानी का कारण बनता है। वैसे तो इसके लिए आजकल बाजार में मेल पॉलिश ड्रायर जैसे उपकरण मौजूद हैं, लेकिन अगर आप इनमें निवेश नहीं करना चाहती हैं तो घर पर ही कुछ घरेलू नुस्खे या ट्रिक्स आजमा सकती हैं। आइए आज हम आपको नेल पॉलिश को जल्दी सुखाने के लिए 5 आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं।

**ठंडे पानी का करें इस्तेमाल**

नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक कटोरे में ठंडा पानी भर लें और उसमें कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर एक तरफ रख दें। अब नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने के बाद हाथों को ठंडे पानी में 2–3 मिनट तक डुबोकर रखें। जब आप अपने हाथों को कटोरे से निकालेंगे तो आप देखेंगे कि आपके नाखूनों की सतह पर पानी बह रहा है। यह एक स्पष्ट संकेत है कि नेल पॉलिश पूरी तरह से सूख चुकी है।

**ब्लो ड्रायर आएगा काम**

सबसे पहले अपने हेयर ड्रायर को कूल–सेटिंग पर सेट करें। इसके बाद एक बार जब आप अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश लगा लें तो ड्रायर को अपने नाखूनों के चारों ओर 2 से 3 मिनट के लिए गोलाकार गति में घुमाएं। बहुत अधिक बल का प्रयोग न करें या इसे अपने नाखूनों के बहुत करीब न पकड़ें क्योंकि इससे नेल पॉलिश खराब हो सकती है। हर महिला के पास ये नेल पॉलिश शेड्स का जरूर चयन करना चाहिए।

**कुकिंग ऑयल या हेयरस्प्रे भी है प्रभावी**

कुकिंग ऑयल का एक छिडक़ाव नेल पॉलिश सुखाने के समय में कटौती करने का एक शानदार तरीका है। लाभ के लिए अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाएं और 2–3 मिनट रूककर इस पर कुकिंग ऑयल छिडक़ें। कुछ मिनट प्रतीक्षा करें और अपने हाथों को ठंडे पानी से धो लें। वैकल्पिक रूप से, आप हेयरस्प्रे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। घर पर इन 5 तरीकों से हेयरस्प्रे बनाएं।

**ड्राय स्प्रे और ड्रॉपर है कारगर**

यह भी नेल पॉलिश सुखाने का आसान तरीका है। नेल पॉलिश सुखाने वाले स्प्रे या बूंदों का उपयोग न केवल नेल पॉलिश को तेजी से सुखाने में मदद करते हैं बल्कि आपके नाखूनों को सुपर शाइनी भी बनाते हैं। ये उत्पाद आपके क्यूटिकल्स के आसपास की त्वचा को पोषण देने और कंडीशन भी करते हैं। स्वस्थ नाखूनों के लिए हॉट ऑयल मैनीक्योर का चयन करें।

**नेल पॉलिश का एक कोट लगाएं**

आप अपने नाखूनों पर जितने ज्यादा नेल पॉलिश का कोट लगाएंगे, इसे सुखाना उतना ही मुश्किल होगा। मोटी परतों के विपरीत अगर नेल पॉलिश का एक कोट लगाया जाए तो यह जल्दी सूख जाता है। हालांकि, इससे आपको नेल पॉलिश की सही फिनिशिंग नहीं मिल पाएगी, इसलिए नेल पॉलिश के 2–3 कोट लगाने के बाद इन पर ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश लगाना सही रहेगा।

# धार्मिक बयानबाजी पर सुप्रीम कोर्ट

**अरस्तु चाणक्य से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया तक ने माना है कि धर्म और राजनीति परस्पर पूरक हैं, लिहाजा दोनों को अलग करना नफरती सियासत का कोई समाधान नहीं है। 'राम मंदिर' के मुद्दे पर जो माहौल बना, उसके मद्देनजर राजनीति दो फाड़ हो गई साम्प्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष। ऐसी राजनीति 1989 के बाद से आज तक जारी है। 'नफरती सियासत' का आगाज नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हुआ, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष और मुस्लिमवादी दल आज भी उन्हें 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का 'खलनायक' मानते हैं। हिन्दू– मुसलमान के दोफाड़ पर हमने कई सांप्रदायिक दंगों की बर्बरता भी देखी है, लेकिन राज्य 'नपुंसक' इसलिए करार दिये जा सकते हैं, क्योंकि नफरती बयानों में धर्म का पुट भी होता है। इस संदर्भ में दिसम्बर, 2021 में हरिद्वार में आयोजित 'धर्म संसद' याद आती है। उसके दौरान इस्लाम और मुसलमान को ही निशाना बनाया। कुछ साधु–संतों ने कहा कि हिन्दू या तो मरने के लिए तैयार रहें अथवा मारने के लिए।' हथियार धारण करने तक के आह्वान किए गए। दूसरी तरफ कुछ आतंकवादी चेहरों ने हिन्दुओं के 'सरकलम' तक कर दिए और धमकियां अब भी जारी हैं। ओवैसी, मदनी, रज़ा, बर्क सरीखे मुस्लिम नेताओं और मौलाना मुल्लाओं ने 'हिन्दूवाद' की राजनीति के 'तल्ख और भडक़ाऊ जवाब दिए हैं। चूंकि सरकारें कोई दंडात्मक या कारगर कार्रवाई नही कर पातीं, लिहाजा न्यायाधीश ने राज्य को 'नपुंसक' ही करार दे दिया है ।**



**अजय दीक्षित**

सवोच्च अदालत में एक न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि नफरती भाषण और बयानबाजी दिए जा रहे हैं, क्योंकि राज्य नपुंसक हैं। राज्य शक्तिहीन हैं। राज्य वक्त पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे नफरती बोल उसी क्षण रुक सकते हैं, जब राजनीति और धर्म को अलग–अलग कर दिया जाए। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सवाल उठाया है कि आखिर हमें ऐसा राज्य क्यों चाहिए, जब सब कुछ नफरती हो रहा है?' हालांकि न्यायाधीश की 'नपुंसक' वाली उपमा अतिरेकपूर्ण है। कमोबेश लोकतांत्रिक नहीं है। वह राज्य को कमज़ोर, अक्षम, अप्रभावी, अनिर्णायक आदि कुछ भी कह सकते थे, लेकिन 'नपुंसक' के मायने हैं कि परोक्ष रूप से देश की जनता जिम्मेदार है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही अपनी सरकार चुनती है। नफरती बयानबाजी दो पक्षों के बीच अधिक है। एक लगातार 'हिंदू राष्ट्र' बनाने को लोगों को उकसा रहा है। लाखों की भीड़ जुटाई जा रही है। दूसरा पक्ष ऐसा है, जो 'सरकलम' तक करने को उन्मादित है। सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी आदि समुदायों की ओर से नफरत के बोल अपवाद ही हो सकते हैं। हाल ही में रामनवमी के दिन जुलूस पर कई राज्यों में पथराव किया गया, हिंसा और आगजनी तक की गई। ऐसा बार– बार होता है, क्योंकि इनके मूल में 'नफरत' है।

न्यायिक पीठ के सामने भारत सरकार के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केन्द्र सरकार नहीं, केरल सरकार खामोश है। मई, 2022 में पीएफआई ने एक रैली के दौरान आह्वान किए कि हिंदुओं और ईसाइयों के नरसंहार कर दो। बेशक आज इस संगठन पर भारत सरकार की पाबंदी है, लेकिन ऐसे भडकाऊ और हत्यारे बयान आज भी फिजाओं में हैं। द्रमुक पार्टी के एक प्रवक्ता का बयान भी उद्धृत किया गया, जिसमें कहा गया था कि यदि तुम्हें समानता चाहिए, तो सारे ब्राह्मणों की हत्या कर दो।' संदर्भ पेरियार का था। दरअसल ये नफरत ही नहीं, हिंसा और हत्या की पराकाष्ठा के बयान हैं। ऐसे बयानों पर अदालतों ने कभी स्वतः संज्ञान नहीं लिया, यह एक बेहद गंभीर सवाल है। अरस्तु चाणक्य से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया तक ने माना है कि धर्म और राजनीति परस्पर पूरक हैं, लिहाजा दोनों को अलग करना नफरती सियासत का कोई समाधान नहीं है। 'राम मंदिर' के मुद्दे पर जो माहौल बना, उसके मद्देनजर राजनीति दो फाड़ हो गई साम्प्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष। ऐसी राजनीति 1989 के बाद से आज तक जारी है। 'नफरती सियासत' का आगाज नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हुआ, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष और मुस्लिमवादी दल आज भी उन्हें 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का 'खलनायक' मानते हैं। हिन्दू–मुसलमान के दोफाड़ पर हमने कई सांप्रदायिक दंगों की बर्बरता भी देखी है, लेकिन राज्य 'नपुंसक' इसलिए करार दिये जा सकते हैं, क्योंकि नफरती बयानों में धर्म का पुट भी होता है। इस संदर्भ में दिसम्बर, 2021 में हरिद्वार में आयोजित 'धर्म संसद' याद आती है। उसके दौरान इस्लाम और मुसलमान को ही निशाना बनाया। कुछ साधु–संतों ने कहा कि हिन्दू या तो मरने के लिए तैयार रहें अथवा मारने के लिए।' हथियार धारण करने तक के आह्वान किए गए। दूसरी तरफ कुछ आतंकवादी चेहरों ने हिन्दुओं के 'सरकलम' तक कर दिए और धमकियां अब भी जारी हैं। ओवैसी, मदनी, रज़ा, बर्क सरीखे मुस्लिम नेताओं और मौलाना मुल्लाओं ने 'हिन्दूवाद' की राजनीति के 'तल्ख और भडक़ाऊं जवाब दिए हैं। चूंकि सरकारें कोई दंडात्मक या कारगर कार्रवाई नही कर पातीं, लिहाजा न्यायाधीश ने राज्य को 'नपुंसक' ही करार दे दिया है । भारत में मुस्लिम लीग, शिरोमणि अकाली दल, राम राज्य परिषद और हिन्दू महासभा आदि ऐसे राजनीतिक दल आज भी सक्रिय हैं, बाकायदा चुनाव लड़ते हैं, आयोग में पंजीकृत हैं, जो पूर्णतः धर्म और सांप्रदायिकता के विघटनकारी आधार पर खड़े हैं । हालांकि 1976 में संविधान में 42वां संशोधन पारित कर भारत को 'पंथनिरपेक्ष' राज्य घोषित किया गया।

# पेट की गंदगी को साफ कर देगा अनानास के छिलके का डिटॉक्स ड्रिंक, ये है रेसिपी

चटपटे और ज्यूसी फ्लेवर के वजह से लोग खूब चाव से पाइनएप्पल या अनानास का फल खाना पसंद करते हैं। हम जब भी पाइनएप्पल खाते हैं तो सबसे पहले इसका छिलका उतारकर फेंक देते हैं। लेकिन शायद ही आप जानते होंगे कि जिन छिलकों को आप कचरा समझकर फेंक देते हैं, दरअसल उन छिलकों में विटामिंस और एंटीऑक्सीडेंट का भरपूर खजाना होता है। जी हां, आपने हमें सही सुना पाइनएप्पल के खुरदरे और मजबूत बाहरी हिस्से को आपके कचरे के डिब्बे में फेंकने के बजाय आप इससे एक स्ट्रॉन्ग डिटॉक्स वाटर तैयार कर सकते हैं। अनानास के फल और छिलके में विटामिन सी होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। गर्मियों में पाइनएप्पल के छिलकों से बना डिटॉक्स वाटर न सिर्फ आपके पेट की सफाई करेगा बल्कि आपके बालों और स्किन को हेल्दी बनाएं रखेगा।

स्ट्रॉन्ग एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी, फ्लेवोनोइड्स और बीटा–कैरोटीन एंटीऑक्सीडेंट पाएं जाते हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट हानिकारक विषाक्त पदार्थों को निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करते हैं। पाइनएप्पल के छिलके में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को घटाकर हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। दांतों और मसूड़ों के लिए गुणकारी पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी की मात्रा खूब होती है, जो इम्यूनिटी मजबूत करने के साथ ही शरीर को संक्रमण से लडऩे में मदद करता है। विटामिन सी मसूड़ों की बीमारी से बचाव करते हुए दांतों के इनेमल को मजबूत रखकर कैविटी को रोकने में मदद करता है। जिससे समय के साथ दांत खराब हो जाते हैं। पाइनएप्पल में खूब पानी होता है जो हाइड्रेटेड रखने के साथ अपके ओरल हेल्थ को भी प्रमोट करता है।पेट साफ करके वजन घटाएं उबले हुए पाइनएप्पल के छिलके के पानी में बहुत अधिक फाइबर होता है, जो पाचन में सहायता करता है और जिससे आपका पेट भरा हुआ रहता है। अनानास के छिलके में मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को साफ करके और नियमितता को बढ़ावा देकर शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में भी मदद करता है। हड्डियों को मजबूत करता है अनानास के छिलके में मैंगनीज और बीटा कैरोटीन मौजूद होते हैं, जो हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करती है और इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं।स्किन, हेयर और नाखूनों को रखता है हेल्दी अनानास के छिलके को उबालकर पीने से आपकी रंगत में निखार आता है और ग्लोइंग मिलती है। अनानास के छिलके में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट आपके बालों और नाखूनों के लिए भी फायदेमंद होते हैं क्योंकि ये फ्री रेडिकल डैमेज से बचाने के साथ ही यूथफूल स्किन मैंटेन बनाए रखता है।

## गैर–यूपीए दलों से बात करेंगे नीतीश

जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से मिले तो उनके बीच एक रणनीति बनी। इसमे तय किया गया कि नीतीश कुमार उन पार्टियों के नेताओं से बात करेंगे, जो अभी यूपीए का हिस्सा नहीं हैं लेकिन भाजपा के खिलाफ मिल कर चुनाव लडऩे के लिए तैयार हो सकती हैं। इस रणनीतिक बैठक में राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल थे। लेकिन वे पहले से कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए का हिस्सा हैं इसलिए आगे की राजनीति में उनकी कोई खास भूमिका नहीं होने वाली है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए से बाहर की कई पार्टिया हैं, जिसके नेता कांग्रेस से बात नहीं करना चाहते हैं। उनके बीच पुल का काम करेंगे नीतीश।

नीतीश कुमार ने मल्लिकार्जुन खडग़े और राहुल गांधी के साथ बातचीत में अपनी तरफ से प्रस्ताव दिया है कि वे छह गैर यूपीए दलों से बात कर सकते हैं। इस बैठक में यह भी तय हुआ कि यूपीए के घटक दलों के साथ कांग्रेस खुद बात करेगी। यानी एनसीपी, जेएमएम, राजद, डीएमके, मुस्लिम लीग आदि पार्टियों से कांग्रेस बात करेगी। दूसरी ओर नीतीश कुमार तृणमूल नेता ममता बनर्जी, भारत राष्ट्र समिति के नेता के चंद्रशेखर राव, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बात करेंगे। इन चार भाजपा विरोधी दलों के अलावा वे भाजपा के साथ सद्भाव रखने वाली दो पार्टियों– बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस से भी बात करेंगे। ध्यान रहे पिछले दिनों डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने सामाजिक न्याय पर एक सम्मेलन किया था तो उसमें भी नवीन पटनायक और जगन मोहन रेड्डी को न्योता भेजा था लेकिन दोनों ने अपना प्रतिनिधि उस सम्मेलन में नहीं भेजा।

## महाराष्ट्र के 10 जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज– गर्मी जारी है

**मुंबई (एजेंसी)।** आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र के कम से कम 10 जिलों में अप्रैल के मध्य में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है, जिसमें चंद्रपुर सबसे गर्म 43.2 डिग्री और दक्षिण मुंबई 31.6 पर सबसे ठंडा रहा। उच्चतम पारा रीडिंग वाले राज्य के सबसे गर्म जिले हैंः चंद्रपुर (43.2 डिग्री), वर्धा (42.2), अमरावती और सोलापुर (41.4), नागपुर (41), परभणी (40.8), यवतमाल (40.5), अकोला और जलगांव ( 40.3), और नांदेड़ (40.2)।आईएमडी के अनुसार, अन्य सभी जिलों में तटीय क्षेत्रों में उच्च आर्द्रता के स्तर और भीतरी इलाकों में शुष्क परिस्थितियों के साथ तापमान 31सी से ऊपर दर्ज किया गया है। पुणे, सतारा और परभणी जैसे कुछ जिलों में पिछले 24 घंटों में भारी से मामूली बारिश हुई, लेकिन अधिकतम तापमान में कोई उल्लेखनीय बदलाव नहीं हुआ।

## गुरुग्राम : थाने में महिला एएसआई से मारपीट, सिपाही और एसएचओ का तबादला

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** सेक्टर 37 थाने के परिसर में एक पुरुष कांस्टेबल ने कथित तौर पर एक महिला सहायक उप–निरीक्षक (एएसआई) की पिटाई कर दी और उसे जान से मारने की धमकी भी दी, पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना के बाद, सेक्टर 37 पुलिस स्टेशन की महिला स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को पुलिस आयुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि कांस्टेबल का भी पुलिस लाइन तबादला कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बुधवार रात सेक्टर 37 थाने के अंदर तब हुई जब एएस–ाआई ने कांस्टेबल को उसके काम में हस्तक्षेप नहीं करने के लिए कहा। इसी बात को लेकर कांस्टेबल प्रवेश और एएसआई पूनम के बीच बहस शुरू हो गई।

कुछ ही देर में दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई और दोनों आपस में मारपीट करने लगे। बाद में, अन्य पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया और दोनों को अलग कर दिया। उस समय थाना प्रभारी सुनीता थाने में मौजूद नहीं थी और बाद में जब वह थाने पहुंची तो मामले को उठाया गया।

## न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा गिरफ्तार, ड्रग रैकेट में शामिल होने का आरोप

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड पुलिस ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे सतवंत सिंह के भतीजे खालिस्तानी बलतेज सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बलतेज सिंह ड्रग्स पैडलर के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका था। अब इसी मामले में पुलिस ने उसके खिलाफ शिकंजा कसते हुए उसे सलाखों के पीछे भेजा है। बलतेज सिंह सतवंत सिंह का भतीजा है, जिसने 31 अक्टूबर 1984 की सुबह बेअतं सिंह के साथ मिलकर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी थी।

बलतेज सिंह अवैध ड्रग फंड की मदद से हिंसक घटनाओं और अन्य प्रचार गतिविधियों को चलाता था।

वह फिलहाल न्यूजीलैंड पुलिस की गिरफ्त में है और उस पर नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सतवंत सिंह का भतीजा बलतेज सिंह का परिवार 1980 के दशक में न्यूजीलैंड चला गया और ऑकलैंड में एक छोटी सी किराने की दुकान खोली थी। बलतेज सिंह के परिवार की संपत्ति में अचानक वृद्धि उनके करीबी लोगों के ध्यान में आई।

# रायगढ़ में 300 मीटर गहरी खाई में गिरी बस, 13 की मौत– 29 से ज्यादा घायल



**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के खपोली इलाके में एक बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 से अधिक घायल हुए हैं। इस दुर्घटना के ठीक बाद स्थानीय लोगों ने ही बस में सवार लोगों के बचाव की कोशिशें शुरू कर दीं। बताया गया है कि रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी है।

पुलिस के मुताबिक, निजी बस पुणे से मुंबई जा रही थी। मुंबई–पुणे हाईवे पर ही शिंगरोबा मंदिर के पास ही यह नियंत्रण खोकर सड़क से उतरकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस में 42 के करीब यात्री सवार थे। राहत–बचाव कर्मियों ने सभी घायलों को पास के अस्पताल पहुंचाया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''बस में मुंबई के गोरेगांव के 'बाजी प्रभु वादक ग्रुप' (पारंपरिक संगीत मंडली) के सदस्य सवार थे। वे पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड इलाके में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद गोरेगांव लौट रहे थे। बस शुक्रवार को देर रात करीब एक बजे कार्यक्रम स्थल से रवाना हुई थी। हादसा खंडाला घाट के पास सुबह करीब चार बजकर पचास मिनट पर हुआ।'' रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोमनाथ घार्गे ने बताया कि हादसे में हताहत हुए लोग मुंबई के सायन एवं गोरेगांव इलाके और पड़ोसी पालघर जिले के विरार के रहने वाले थे।

उन्होंने बताया कि घायलों को खोपोली ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल जेंडे ने बताया कि हताहतों की उम्र 18 से 25 साल के बीच है। अधिकारियों के मुताबिक, स्थानीय पुलिस का एक दल और ट्रैकर का एक समूह बचाव अभियान में लगा हुआ है। खोपोली शहर मुंबई से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस दुर्घटना को लेकर बात की। शाह ने ट्वीट किया, ''महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुआ सड़क हादसा दुःखद है। इस संबंध में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी से बात हुई।'' उन्होंने कहा, ''स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटा है। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''

मुख्यमंत्री शिंदे ने घटना पर दुख जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को पांच–पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि घायलों में से पांच की हालत गंभीर है।

## इक्वाडोर के बंदरगाह शहर में सिलसिलेवार हुए बम हमले

**क्वेटो , एजेंसी।** इक्वाडोर के बंदरगाह शहर गुआयाकिल में इस सप्ताह कम से कम तीन बम हमले हुए। इनमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। रात और शुक्रवार की सुबह के बीच ये हमले हुए। तीन विस्फोट देश के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले शहर और इसके औद्योगिक केंद्र के अल्बोराडा, पास्कुअल्स और डाउनटाउन क्षेत्रों में हुए।इक्वाडोर में अमेरिकी दूतावास द्वारा ग्वायाकिल के लिए एक सुरक्षा अलर्ट जारी करने के घंटों बाद हमले हुए, इसमें कहा गया था कि उसे सूचना मिली थी कि अपराधी संभवतः गुरुवार की रात शहर के चारों ओर बमबारी की योजना बना रहे हैं।इसके पहले मंगलवार को, पिस्टल और राइफलों से लैस 30 नकाबपोश लोगों के एक समूह ने कोलम्बिया की सीमा पर एस्मेराल्डास के बंदरगाह में एक सीफूड गोदाम में श्रमिकों और व्यापारियों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं।

## मेहुल चोकसी ने जीती कानूनी लड़ाई, अब भारत लाना हुआ मुश्किल!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को विदेश की एक कोर्ट में बड़ी जीत मिली है। एंटीगुआ और बारबुडा के उच्च न्यायालय ने भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के पक्ष में फैसला सुनाया है। मेहुल चोकसी 13,000 करोड़ की धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए भारत में वांछित है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ी राहत देते हुए कहा कि चोकसी को एंटीगुआ और बारबुडा से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। भारत सरकार के लिए यह बहुत बड़ा झटका है। कोर्ट के इस फैसले के बाद भगोड़े मेहुल चोकसी का भारत आना मुश्किल हो गया है।

दरअसल, एंटीगुआ और बारबुडा की हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कह दिया है कि पूरी तरह से जांच होने और फैसले आने तक मेहुल चोकसी को एंटीगुआ और बारबुडा से बाहर नहीं ले जाया जा सकता है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि डोमिनिकन पुलिस इस बात की पुष्टि करे कि क्या चोकसी को उसकी इच्छा के खिलाफ जबरदस्ती डोमिनिका ले जाया गया था। इसका मतलब साफ है कि भारत सरकार को अब मेहुल चोकसी को भारत लाने में काफी परेशानी आ सकती है। हालांकि, भारत सरकार की अभी तक इसपर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

हाईकोर्ट में मेहुल चोकसी ने खुद को राहत देने की मांग करते हुए कहा कि 23 मई, 2021 को एंटीगुआ और बारबुडा से उसके जबरन अपहरण की जांच होनी चाहिए। इसपर कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश के बिना एंटीगुआ और बारबुडा की सीमा से मेहुल चोकसी को बाहर नहीं ले जाया जाए।

# कांग्रेस ने 43 उम्मीदवारों वाली तीसरी लिस्ट की जारी



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 43 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। अथानी विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी को टिकट मिला है। कोलार विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बजाय कोथुर जी मंजूनाथ को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। सिद्धारमैया कोलार विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ना चाह रहे थे।

पार्टी ने उन्हें पहले ही वरुणा निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दे चुकी है। कुम्ता विधानसभा सीट से पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा के बेटे निवेदित अल्वा को चुनावी मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस पार्टी अब तक 209 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पहली सूची में 124 सीटों और दूसरी सूची में अन्य 42 सीटों पर उम्मीदवारों नाम घोषित किए गए थे।

बता दें कि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने पर सावदी ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। वह शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 224 सीटों वाली कर्नाटक विधानसभा में 10 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 13 मई को होगी।

जानकारी के अनुसार, कर्नाटक में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि अगर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो वह उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ सही व्यवहार नहीं किया है।

इस बीच कांग्रेस ने हुबली–धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र के लिए टिकट की घोषणा नहीं की है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस नेताओं ने शेट्टार से संपर्क किया है और कांग्रेस में शामिल होने पर टिकट और पद का आश्वासन दिया है।

## संविधान की रक्षा के लिए कोई भी कुर्बानी देगी कांग्रेस : हुड्डा

**सोनीपत (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, हमारे पूर्वजों ने देश को आजादी दिलाने और संविधान बनाने के लिए अपनी जान दी और अब कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए कोई भी कुर्बानी देगी। पूर्व सीएम ने सोनीपत में जय भारत सत्याग्रह के तहत संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का आना दिखाता है कि लोगों ने अब फैसला कर लिया है कि उन्हें सिर्फ चुनाव का इंतजार करना है।

फसल की कटाई के चरम मौसम और पारा 42 डिग्री सेल्सियस पार करने के बावजूद भीड़ उमड़ पड़ी। पूर्व सीएम ने कांग्रेस की विरासत को याद करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्गों ने आजादी की लड़ाई लड़ी और देश का संविधान बनाने के लिए कुर्बानी दी। मौजूदा हालात में कुछ ताकतें संविधान को कमजोर करना चाहती हैं।

## नीतीश कुमार ने समर्थकों से अगले पीएम के तौर पर उनका नाम लेने से बाज आने को कहा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने समर्थकों से देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में उनका नाम लेने से बचने की अपील की। यहां पार्टी मुख्यालय में जदयू कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि इस तरह के नारे उनके द्वारा किए जा रहे काम को पटरी से उतार देंगे।

नीतीश कुमार ने कहा– मैं आप सभी से हाथ जोड़कर अनुरोध करता हूं कि देश के प्रधानमंत्री के रूप में मेरा नाम जपने से बचें। मैं 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए देश में विपक्षी दलों को एकजुट करने पर काम कर रहा हूं। इस तरह का कृत्य हमारे उद्देश्य को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए कृपया मेरा नाम जपने से बचें।

मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया तब आई जब उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जद–यू के मुख्यालय में उनका भव्य स्वागत किया, उनके दिल्ली दौरे के बाद उन पर गुलाब की पंखुड़ियां फेंकी, जहां उन्होंने प्रमुख विपक्षी नेताओं राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे़, अरविंद केजरीवाल, सीताराम येचुरी और डी राजा से मुलाकात की। नीतीश कुमार ने बिहार की जनता से बीजेपी को वोट न देने की भी अपील की। उन्होंने कहा, भाजपा ने देश की जनता के लिए कुछ नहीं किया। हमने बिहार को विशेष दर्जा देने की मांग की थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वह केवल विपक्षी दलों के नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने में विश्वास रखते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, उनका आम लोगों से कोई लेना–देना नहीं है। अगर आप उन्हें वोट देंगे तो आप खुद को बर्बाद कर लेंगे और अगर आप उनके खिलाफ वोट करेंगे तो आपका राज्य और देश विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में मोबाइल टावर चोरी

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में चोरों ने पूरा मोबाइल टावर उड़ा लिया, पुलिस ने यह जानकारी दी। शहर के सदर थाना क्षेत्र के श्रमजीवी नगर इलाके में मनीषा कुमारी के मकान में जीटीएएल कंपनी का मोबाइल टावर लगाया गया था।

जब कंपनी के अधिकारी मनीषा कुमारी के घर निरीक्षण करने पहुंचे तो मोबाइल फोन का टावर गायब मिला। एक जनरेटर सेट, शेल्टर और स्टेबलाइजर भी जगह से गायब थे।

कंपनी के अधिकारी शाहनवाज अनवर ने जिले के सदर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जांच के दौरान मनीषा कुमारी ने पुलिस को बताया कि जीटीएएल के कर्मचारी होने का दावा करने वाले कुछ लोग कुछ महीने पहले आए और कहा कि मोबाइल टावर काम नहीं कर रहा है और इसलिए वे इसे हटा रहे हैं।

# मोतिहारी में 16 लोगों की मौत, 12 की हालत गंभीर

### परिजन बोले– खेत में शराब पार्टी की थी



मोतिहारी , एजेंसी। मोतिहारी के तुरकौलिया, हरसिद्धी और पहाड़पुर थाना शुक्रवार को दो मौतें हुईं। लोगों ने जहरीली शराब कहा। पोस्टमार्टम नहीं हुआ। प्रशासन डायरिया बताता रहा। फिर शनिवार दोपहर तक 16 लोगों की मौतें हो गईं। मरने वालों की उम्र 19 से 48 साल के बीच की है। इनमें सबसे अधिक तुरकौलिया से 11, हरसिद्धी से 3 और पहाड़पुर से 2 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों के परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम गेहूं की फसल काटने के बाद खेत में शराब पार्टी हुई थी। रात में घर आकर सो गए। सुबह कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। अस्पताल में पहले पिता–पुत्र ने दम तोड़ा। इसके बाद प्रशासन ने गांव में मेडिकल टीम भेजी। जहरीली शराब से मौत की बात से इनकार कर दिया। शनिवार सुबह तक प्रशासन डायरिया और फूड प्वाइजनिंग पर डटा रहा। इधर, लोग मर रहे हैं और पोस्टमार्टम बगैर परिवार वालों ने 7 लाशों को जला दिया गया। 12 लोग गंभीर है, उनके बारे में कोई जानकारी खुलकर नहीं आ रही है। इनके परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। इन लोगों द्वारा भी शराब पीने की बात सामने आ रही है। इधर, मामला गंभीर होते देख पुलिस मुख्यालय के मोतिहारी एसपी को जांच का निर्देश दिया है। पटना से मद्य निषेध विभाग की एक स्पेशल टीम मोतीहारी पहुंच गई है। इधर, इस मामले में उन्होंने 7 लोगों की गिरफ्तारी की बात कही है। मुख्यमंत्री मोतिहारी के सवाल पर कहा कि लोगों को तो गलत काम नहीं करना चाहिए। सबको कितनी बार समझाया गया है कि गलत काम मत करो। गलत काम से नुकसान होता है।

मृत छोटू कुमार की बहन प्रतिमा कुमारी ने बताया कि गुरुवार को वह काम करने बालगंगा गांव गया था। गेहूं की फसल काटने के बाद ध्रुप पास–ावान भी उसके साथ ही काम करने गया। शाम में ध्रुप पासवान ने उसे शराब पिला दी। यहां पर कुल 6 लोग शराब पार्टी की थी। इसमें से 4 की मौत हो गई। इनमें ध्रुप पासवान भी शामिल था।

वहीं मृत अशोक कुमार की बेटी शोभा ने कहा कि पिताजी ने भी शुक्रवार शाम को शराब पी थी। घर आए तो रात में एक रोटी खाकर सो गए। उन्होंने सिर बहुत दर्द कर रहा, आराम से सोने दो। शुक्रवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ी गई। सदर अस्पताल लेकर गए तो वहां से मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## गुरुग्राम पुलिस ने तीन हथियार सप्लायर, पांच रिसीवर को पकड़ा

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** गुरुग्राम पुलिस ने कहा कि तीन अवैध हथियार आपूर्तिकर्ताओं (सप्लायर) और पांच रिसीवरों (प्राप्तकर्ता) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार पिस्तौल और 45 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। हथियार सप्लाई करने वालों की पहचान 22 वर्षीय शैलेंद्र, 20 वर्षीय निखिल और सिद्धांत कुशवाहा उर्फ डालडा के रूप में हुई है, जबकि प्राप्तकर्ता की पहचान 25 वर्षीय टिंकू, 28 वर्षीय मंजीत, 30 वर्षीय सोनू, 30 वर्षीय जयपाल और 30 वर्षीय जोगिंदर के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, उन्होंने सबसे पहले 10 अप्रैल को गुरुग्राम के बख्तावर चौक से शैलेंद्र को पकड़ा और उसके कब्जे से एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए।

उसके खुलासे के आधार पर टिंकू, मनजीत, सोनू व जयपाल को 11 अप्रैल को हरियाणा के झज्जर जिले के बेरी से गिरफ्तार किया गया था। निखिल और सिद्धांत को मध्य प्रदेश के भिंड से 13 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था, जबकि जोगिंदर को दिल्ली के पश्चिम विहार से गिरफ्तार किया गया था।

## आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल सन ऑफ घोटाले का किंगपिन है : गौरव भाटिया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के समन सियासी पारा गरम है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने काकी अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले का किंगपिंन है। गौरव भाटिया ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे ही अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया गया, वैसे ही अरविंद केजरीवाल थरथर कांपने लगे हैं। जबकि अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रिमंडल के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कट्टर ईमानदार बताते थे जो शराब घोटाले में जेल में बंद हैं। गौरव भाटिया ने आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि पापी आप पार्टी भ्रष्टाचार में पूर्णरूप से लिप्त है। अरविंद केजरीवाल इस मामले को लेकर मीडिया के सामने आएंगे, इसलिए भारतीय जनता पार्टी उनसे कुछ ठोस सवाल पूछती है।

यह बात जग जाहिर हो गयी है कि शराब घोटाले का कोई किंगपिंग है तो वह अरविंद केजरीवाल हैं। यह ऐसे ही नहीं कहा जा रहा है, इसके पीछे महत्वपूर्ण कारक है कि शराब घोटाले में जो अबतक जांच हुई है उसमे इस बात को स्पष्ट करता है। केजरीवाल के इशारे के बिना आम आदमी पार्टी में पत्ता भी नहीं हिलता है और उस पार्टी ने शराब घोटाला किया है। जो स्पष्ट करता है कि केजरीवाल के इशारे पर ही शराब घोटाला हुआ है। दिल्ली की जनता जान गयी है कि केजरीवाल के इषारे पर ही शराब घोटाले हुए है।

शराब घोटाले में अरेस्ट हुए षतरंज का हाथी। अरेस्ट हुए अरविंद केजरीवल के भ्रष्ट साथी। गौरव भाटिया ने कहा कि क्या यह सही नहीं है कि शराब नीति बनाने के लिए 5 फरवरी 2021 को केजरीवाल सरकार के कैबिनेट की बैठक हुई और मुख्यमत्री अरविंद केजरीवाल ने कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर – जीओएम– की गठन की। जीओएम को निर्देष दिया गया कि एक्सपर्ट कमिटी की रिपोर्ट अध्ययन करने के बाद सिफारिश दें। इस जीओएम में तत्कालीन षराब मंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया थे।

# क्रिप्टोकरेंसी पर वैश्विक फ्रेमवर्क बनाना जरूरीः वित्त मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईएमएफ की ओर से क्रिप्टोकरेंसी की अर्थव्यवस्था पर एक सेमिनार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की तरफ से एक बार फिर यह प्रस्ताव रखा कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर पूरी दुनिया में एक जैसा नियम बनाना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के मुद्दे को अब ज्यादा दिनों तक टाला नहीं जा सकता।

भारत जी–20 की अध्यक्षता के दौरान इस बात की कोशिश कर रहा है कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सामान्य फ्रेमवर्क तैयार हो जिसे हर देश स्वीकार करे व लागू करे। सेमिनार में जी–20 के अधिकांश सदस्य देशों के वित्त मंत्री और इनके केंद्रीय बैंक के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।भारत ने फरवरी, 2023 में भी जी–20 के तहत वित्त मंत्रियों की बैठक में यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह का उतार–चढ़ाव क्रिप्टोकरेंसी क्षेत्र में देखा गया है, उसके मद्देनजर यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इस माहौल में यह जरूरी है कि सभी देश एक सामान्य फ्रेमवर्क बनाने के लिए राजी हो।आगे उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि अब ज्यादा देश इस बात को स्वीकार करने लगे हैं कि क्रिप्टो को लेकर वैश्विक नियम बनने चाहिए। दुनिया के एक हिस्से में कानून बनाकर क्रिप्टो पर लागू नहीं किया जा सकता।

सीतारमण ने बताया कि इस बारे में उनकी आईएमएफ के साथ भी बातचीत चल रही है।

आईएमएफ सभी पक्षों से बात करने के बाद एक प्रपत्र जारी करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सितंबर और अक्टूबर में इस बारे में स्थिति ज्यादा साफ होगी। सितंबर, 2023 में भारत की अगुवाई में जी–20 की शिखर बैठक दिल्ली में होनी है। बता दें कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा है और कई देश इसे स्वीकार भी कर रहे हैं लेकिन अभी तक इसके नियमन को लेकर कोई वैश्विक नियम नहीं है।

दुनिया के कुछ दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरफ भारत के केंद्रीय बैंक आरबीआई का रुख इसको लेकर बहुत ही अलग है। आरबीआई क्रिप्टोकरेंसी को स्वीकार्यता देने के एकदम पक्ष में नहीं है। दूसरी तरफ, वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले दो वर्षों के भीतर कम से कम दो बार क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून तैयार करने की कोशिश की गई है।

# जीत का खाता खोलने के लिये पूरा जोर लगायेगी दिल्ली



बेंगलुरू । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन कर अंकतालिका की दहलीज पर पहुंची दिल्ली कैपिटल्स जीत का खाता खोलने के लिये शनिवार को पूरे दमखम के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को उनके घर में मात देने मैदान पर उतरेगी।

आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग और डेविड वार्नर के लिये आईपीएल का सत्र अब तक चुनौतीपूर्ण रहा है। पोंटिंग टीम के कोच की भूमिका में है जबकि वार्नर कप्तान के तौर पर अब तक टीम को एकजुट रखने में असफल साबित हुये हैं। वार्नर और उपकप्तान अक्षर पटेल को छोड़ कर टीम के अन्य बल्लेबाज फिलहाल अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम साबित हुये है,नतीजन टीम को अपने शुरूआती चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

पृथ्वी शॉ,यश धुल,मनीष पांडे का प्रदर्शन स्तरहीन रहने से टीम मुश्किलों में फंसती नजर आयी है वहीं धुआंधार बल्लेबाजी के लिये विख्यात वार्नर की धीमी बल्लेबाजी ने भी परेशानियों में इजाफा किया है। गेंदबाजी की बात करें तो एनरिक नोर्किया और मुस्तफिजुर रहमान ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था जबकि अक्षर पटेल और कुलदीप यादव रन गति पर अंकुश लगा कर विकेट निकालने में खास नहीं कर सके है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच दिल्ली के गेंदबाजों की परीक्षा लेने को तैयार होगी।

दूसरी ओर विराट कोहली,ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डुप्लेसी जैसे सितारों से सजी आरसीबी पिछले दो मैच हार चुकी है और अब वह और घर पर एक और हार झेलने के मूड में कतई नहीं होगी। मोहम्मद सिराज और हर्षल पटेल अब तक प्रभावशाली रहे हैं हालांकि उन्हे अपनी लय और रफ्तार को बरकरार रखते हुये दिल्ली को बांधे रखना होगा।

## आनलाइन सट्टेबाज कंपनी का साथ देकर मुश्किल में फंसे मैकुलम

लंदन । ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों में दिखने के चलते इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के खिलाफ इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच शुरू की है।

मैकुलम को साल के शुरू में सट्टेबाजी कंपनी '22बेट' ने अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था और वह उसके ऑनलाइन विज्ञापनों में नजर आये थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने यह जानकारी खुद 27 मार्च को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा कर की थी।

बीबीसी के हवाले से ईसीबी ने कहा, सट्टेबाजी को लेकर हमारे नियम हैं और हम उसका पालन करना सुनिश्चित करते हैं। हम मैकुलम और 22बेट के रिश्तों को लेकर बात कर रहे हैं। हालांकि वह अभी किसी जांच के दायरे में नहीं है।

न्यूजीलैंड के प्रॉब्लम गैंबलिंग फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह इन विज्ञापनों के बारे में ईसीबी से शिकायत की थी.मैकुलम इससे पहले 2019 से 2022 के बीच कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच की भूमिका में रह चुके है।

# ब्रुक के तूफान से कोलकाता पस्त, सनराइजर्स 23 रन से जीता

कोलकाता ,। हैरी ब्रूक (100 नाबाद) का तूफानी शतक और तीसरे विकेट के लिये कप्तान एडन मार्कम (50) के साथ 72 रनो की भागीदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर को 23 रन से हरा दिया।

ईडन गार्डन मैदान पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 228 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में कोलकाता सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की जीत में इंग्लैंड के स्टाइलिश बल्लेबाज ब्रुक की भूमिका अहम रही जिन्होने आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहला शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया। ब्रुक ने मात्र 55 गेंदो पर 12 चौकों और तीन छक्के उड़ाये।

सनराइजर्स के स्कोर का पीछा करने उतरे कोलकाता ने शुरूआती झटकों के बाद संभल कर खेलना शुरू किया। कप्तान नीतिश राणा (75) ने एक छोर पर डट कर मेहमान गेंदबाजों का साहस के साथ सामना किया और दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (58 नाबाद) के साथ 69 रनो की उपयोगी भागीदारी निभायी। लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रही इस भागीदारी को टी नटराजन ने तोडा जब राणा उनकी गेंद पर डीप कवर पर वशिंगटन सुंदर के हाथों आउट हो गये। इसके बावजूद रिंकू का आतिशी अंदाज नहीं बदला और उन्होने चार चौके और चार छक्के लगाकर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। राणा ने 41 गेंदो में पांच चौके और छह छक्के लगाये। इन दोनो के अलावा नारायण जगदीसन (36) ही कोलकाता के लिये रन जुटा सके मगर टीम की हार को नहीं बचा सके।



इससे पहले ब्रुक को आउट करने के लिये कप्तान राणा ने अपने सात गेंदबाजों आजमाये मगर मैदान पर रनो की बारिश रोकने में सभी के सभी असहाय नजर आये। दो विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आये मार्कम ने दूसरे छोर पर दर्शनीय अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक का भरपूर साथ दिया।

मार्कम ने मात्र 26 गेंदों की संक्षिप्त पारी में चौकों छक्कों की बारिश कर दी। उनको वरूण चक्रवर्ती ने अपनी गुगली के जाल में फंसाया और मिड विकेट बाउंड्री पर खड़े आंद्रे रसेल के हाथों कैच आउट करा तूफान को आंशिक विराम दिया। मार्कम ने पांच छक्के और दो चौके लगाये। बाद में ब्रुक का साथ अभिषेक शर्मा (32) ने दिया और रन गति की रफ्तार को बरकरार रखा।

कोलकाता की ओर से आंद्रे रसेल 22 रन पर तीन विकेट चटका कर सबसे सफल गेंदबाज रहे। हालांकि उन्हे कप्तान ने देर से आजमाया वहीं उमेश यादव और सुयश शर्मा ने खूब रन लुटाये।

# जियो—सिनेमा आज से करेगा आईपीएल क्रिकेट मैचों की फैन पार्क में स्ट्रीमिंग

नयी दिल्ली । क्रिकेट प्रेमी इंटरनेट यूजर तक आईपीएल क्रिकेट का रोमांच पहुंचाने के लिए जियो सिनेमा ने 'टाटा आईपीएल फैन पार्कों' में मैचों की लाइव डिजिटल स्ट्रीम करने की घोषणा की है और शनिवार तथा रविवार के मैंचों की ऐसे ही स्ट्रीमिंग कार्यक्रम घोषित कर दिये हैं ।जियो—सिनेमा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने 13 राज्यों में फैले 35 से अधिक शहरों के खुले मैदानों में मैच दिखाने की तैयारी की है। उल्लेखनीय है कि जियो—सिनेमा मौजूदा सीजन का आधिकारिक डिजिटल ब्रॉडकास्टर है।विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'टाटा आईपीएल फैन पार्क' में प्रवेश मुफ्त होगा। क्रिकेट प्रेमी विशाल एलईडी स्क्रीन पर जियोसिनेमा ऐप के माध्यम से लाइव—स्ट्रीम किए गए मैचों का आनंद ले सकेंगे। खुले मैदानों में क्रिकेट का मजा लेने वाले दर्शकों के लिए यहां फैमिली ज़ोन, किड्स ज़ोन, फूड एंड बेवरेज और जियो—सिनेमा एक्सपीरियंस ज़ोन भी बनाए जाएंगे ।जियो—सिनेमा के घोषित कार्यक्रम के अनुसार 15 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और गोरखपुर के साथ हरियाणा के रोहतक में 'टाटा आईपीएल फैन पार्क' में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। दिन का दूसरा मैच लखनऊसुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दोनों ही मैचों का आनंद दर्शक उठा पाएंगे ।इसी तरह 16 अप्रैल को होने वाले दोनों मैच नासिक, अजमेर और कोच्चि के प्रशंसक फैन पार्कों में देख सकेंगे। पहला मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा। दूसरे मैच में गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स भिड़ेगी। टाटा आईपीएल फैन पार्क के गेट दोपहर 1.30 बजे से खुलेंगे ।वायाकॉम18 के प्रवक्ता ने कहा, प्रशंसकों और दर्शकों को हालांकि उनकी सुविधा अनुसार विश्व स्तरीय खेल देखने को मिल रहा है, पर हम चाहते हैं कि यह पूरे देश में पहुंचे, फिर चाहे दर्शक घर में इसे देखे या दोस्तों के साथ बाहर मैदानमें। शुरुआती मैचों में जियो—सिनेमा पर रिकॉर्ड व्यूअरशिप, इस बात की गवाह है कि दर्शक डिजिटल को वरीयता दे रहे हैं।




## धीमे ओवर रेट में फंसे हार्दिक पांड्या, लगा 12 लाख का जुर्माना

मोहाली ,। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ बीती रात आईपीएल मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मौजूदा आईपीएल में ओवर रेट एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और कई मैच लगभग चार घंटे तक चले हैं।

टूर्नामेंट से जारी एक बयान में कहा गया है, चूंकि धीमे ओवर रेट के सम्बन्ध में आईपीएल की आचार संहिता के तहत इस सत्र में टीम का यह पहला अपराध था, पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डू प्लेसिस और राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर अपने मैचों में धीमे ओवर रेट के लिए इतना ही जुर्माना लगाया गया था।

# जोकोविच लगातार तीसरी बार मोंटेकाली मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से बाहर

मोनाको ,। सार्बिया के नोवाक जोकोविच इटली के लोरेंजो मुसेटी से 4–6, 7–5, 6–4 से हार कर मोंटेकाली मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं।

यह तीसरा मौका है जब 22 ग्रैंड स्लैम विजेता और टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय जोकोविच को हार का सामना करना पड़ा है। क्ले कोर्ट पर मुसेटी ने तेज तर्राक खेल का मुजाहिरा किया वहीं जोकोविच में मैच के दौरान आठ बार अपनी सर्विस गंवाई और यही दोनो खिलाड़ियों के बीच जीत हार का कारक बनी।

मोंटेकाली में दो बार के चैंपियन जोकोविच पिछले साल फ्रांस के कोटे डीजूर से पहले दौर में हार गए थे जबकि 2021 में उनका सफर तीसरे दौर पर समाप्त हो गया था। जोकोविच को शिकस्त देने के बाद मुसेटी यानिक सिनर का सामना कर रहे हैं। सिनर दसवीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्कज को 3–6, 7–6 (6), 6–1 से हरा कर टूर्नामेंट के चर्टर फाइनल में पहुंचे हैं।एक अन्य मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3–6, 7–5, 7–6 (7) से हरा कर चर्टर फाइनल में जगह बनायी जहां उनका सामना होल्गर रूने से होगा वहीं जर्मन चलीफायर जैन लेनार्ड स्ट्रफ ने चौथी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6–1, 7–6 (6) से हराया।




स्ट्रफ अब 2021 के उपविजेता आंद्रे रुबलेव से भिडेंगे। रुबलेव ने करेन खाचानोव को 7–6 (4), 6–2 से हरा कर अंतिम आठ में जगह बनायी है।

## फिल्मी सफर

# कार्तिक आर्यन ने नहीं छोड़ी आशिकी 3, इसी साल शुरू होगी शूटिंग

चर्चित फिल्म आशिकी की तीसरी फिल्म आशिकी 3 को लेकर तरह—तरह की चर्चा होती रहती है। कार्तिक आर्यन के मुख्य भूमिका में होने के कारण यह फिल्म सुर्खियों में रहती है। कुछ दिन से चर्चा चल रही थी कि इस फिल्म में कार्तिक नजर नहीं आएंगे। अब नई खबर के मुताबिक कार्तिक के फिल्म छोडने़ की खबर गलत है। वह अब भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। आइए, जानते हैं आशिकी 3 की नई जानकारी के बारे में।



रिपोर्ट के मुताबिक कार्तिक आशिकी 3 का हिस्सा हैं और इस साल के अंत में फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर देंगे। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, प्रोजेक्ट के प्री—प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। यह एक बड़ा ब्रैंड है, बड़ी फिल्म है। इसकी शूटिंग शुरू हो, इससे पहले अच्छी—खासी तैयारी की जरूरत है। कार्तिक इसे क्यों छोड़ेंगे? वह निर्माताओं से इसकी पुष्टि कर चुके हैं। वह सार्वजनिक रूप से भी बता चुके हैं।

आशिकी 3 के लिए अभी महिला कलाकार का नाम तय नहीं हुआ है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि फिल्म में सारा अली खान मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। ऐसे में एक बार फिर से पर्दे पर कार्तिक और सारा की जोड़ी देखने को मिल सकती है। हालांकि, इस बारे में कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। दोनों की डेटिंग और ब्रेकअप ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। कार्तिक और सारा लव आज कल में साथ नजर आए थे।

आशिकी और आशिकी 2 दोनों का म्यूजिक खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म का म्यूजिक भी खास होगा। पिछले साल एक इंटरव्यू में मुकेश भट्ट ने कहा था कि इस फिल्म में ऑरिजिनल म्यूजिक होगा और वह इसके म्यूजिक पर एक साल तक काम करेंगे। भट्ट ने कहा था, मैं रीक्रिएशन में विश्वास नहीं करता, मुझे ऑरिजनल में भरोसा है। आशिकी और आशिकी 2 में ऑरिजनल धुन थीं।। मेरे पास ऑरिजनल धुन बनाने की क्षमता है।

आशिकी 1990 में आई थी। इस फिल्म का निर्देशन महेश भट्ट ने किया था। फिल्म में राहुल रॉय और अनु अग्रवाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद आशिकी 2 2013 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन मोहित सुरी ने किया था। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था।

## कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को लगी चोट

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त फिलहाल बेंगलुरु के आसपास के इलाकों में अखिल भारतीय कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग कर रहे हैं। वह एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि बम विस्फोट के सीन की शूटिंग के दौरान संजय दत्त की कोहनी, हाथ और चेहरे पर चोटें आई। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है।

फाइट मास्टर डॉक्टर रवि वर्मा फिल्म के लिए फाइट कंपोज कर रहे थे। घटना की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के मगदी रोड पर हुई थी। फिलहाल, संजय दत्त चोटों से उबर रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 1 और 2 के बाद, संजय दत्त एक्शन हीरो ध्रुव सरजा की कन्नड़ फिल्म केडी में एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। केडी प्रेम द्वारा निर्देशित है और केवीएन बैनर के तहत निर्मित है।

# फिल्म कैनेडी से सनी लियोन का फर्स्ट लुक जारी, राहुल भट्ट की भी दिखी झलक

अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी कान्स फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। यह इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसे कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। अब कैनेडी से सनी लियोनी और राहुल भट्ट का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है, जिसमें दोनों कलाकार अलग अवतार में दिखाई दे रहे हैं। जहां सनी का लुक अमीर महिला जैसा दिखता है, वहीं राहुल हाथों में बंदुक लिए दिखाई दिए। इन तस्वीरों को श्वश्व5 ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया है।


कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्क्रीन किए जाने की खबर से सनी बेहद खुश हैं। हाल ही में उन्होंने इसके लिए अनुराग का शुक्रिया अदा किया। सनी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुझे इस शानदार पल पर यकीन नहीं हो पा रहा है। मेरे पूरे करियर का यह सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। फिल्म कैनेडी में सनी के अलावा राहुल भट्ट, अभिलाष थपलियाल भी अहम भूमिका में हैं। बता दें कि सनी लियोनी इस फिल्म में अहम रोल में हैं। कैनेडी मिडनाइट स्क्रीन सेक्शन के लिए चयनित की गई है। कांस फिल्म फेस्टिवल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी इस बात की जानकारी साझा की गई है। उन्होंने लिखा है, अनुराग कश्यप की कैनेडी का चुनाव किया गया है। बता दें कि कांस फिल्म फेस्टिवल 16 मई से 27 मई तक होने वाला है।



इस फिल्म को लेकर अनुराग कश्यप ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे मैं हमेशा से एक्सप्लोर करना चाहता था।

# अदा शर्मा की 'द केरल स्टोरी' में अपनी भूमिका के बारे में सोचते हुए नींद गायब

'हंसी तो फंसी' और 'कमांडो 3' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा को सुदीप्तो सेन द्वारा लिखित और निर्देशित आगामी फिल्म 'द केरला स्टोरी' में लिया गया है। अभिनेत्री ने साझा किया कि कहानी सुनने के बाद वह कुछ रातों तक सो नहीं पाईं। उन्होंने कहा, जब मुझे कहानी सुनाई गई तो यह बहुत डरावनी थी, मैं इसके बारे में सोचते हुए कई रातों तक सो नहीं पाई। मैं आभारी हूं कि मुझे इस तरह की फिल्म में काम करने का मौका मिला और इस दिल दहला देने वाली कहानी को बताने का मौका मिला।अदा एक मलयाली नर्स फातिमा बा की भूमिका निभा रही हैं, जो इस्लाम धर्म अपनाकर इस्लामिक स्टेट में शामिल हो जाती है। वह उन 32,000 महिलाओं में शामिल हैं, जो केरल से लापता हो गईं और बाद में आईएस आतंकवादी बन गईं।फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुने जाने पर, अदा ने कहाः केरल स्टोरी एक हिंदी फिल्म है, इसलिए वह एक ऐसी बॉलीवुड अभिनेत्री चाहते थे जो हिंदी और मलयालम बोल सके। मैं मलयाली हूं, इसलिए मैं दोनों भाषाएं बोलती हूं। यही एक कारण था कि उन्हें लगा कि मैं इस भूमिका के लिए फिट हूं।फिल्म से जुड़े विवाद के बारे में बात करते हुए अदा ने साझा कियाः निर्माता विपुल शाह और सुदीप्तो सेन ने कई प्रतिष्ठित फिल्में बनाई हैं और वह सभी आंकड़े पेश करेंगे।



# प्रियंका चोपड़ा से मेरी तुलना मेरे लिए एक बहुत बड़ा कॉम्पिलीमेंट हैःहिना खान

टीवी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस हिना खान अपनी दमदार एक्टिंग, ग्लैमर के अलावा बेबाक बयानों के लिए भी जानी जाती हैं. ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम अक्षरा को अक्सर गंभीर मुद्दों पर अपने विचार रखते देखा गया है. बीते कुछ दिनों से हिना खान एक रैंप वॉक को लेकर सुर्खियों में आ गई थी. फिलहाल एक्ट्रेस ने मीडिया से बातचीत में पैपराजी, एयरपोर्ट लुक और ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा से तुलना होने पर खुलकर बात की है.छोटे पर्दे की अक्षरा उर्फ हिना खान ने प्रियंका चोपड़ा से अपनी तुलना किए जाने पर पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है. एक्ट्रेस ने कहा कि, वो प्रियंका जैसी ग्लोबल स्टार के बिल्कुल आस—पास भी नहीं हैं लेकिन वो अपने चाहनेवालों की ऐसी तारीफों का स्वागत करती हैं और ये सुनकर बहुत खुश भी हुई थीं. हिना ने कहा, प्रियंका चोपड़ा एक बहुत बड़ी स्टार हैं और उनसे मेरी तुलना मेरे लिए एक बहुत बड़ा कॉम्पिलीमेंट है. प्रियंका के लिए मेरे दिल बहुत सम्मान है. वर्ल्ड लेवल पर उन्होंने जो देश के लिए किया है मैं बस उनके कदमों पर चलने की कोशिश कर रही हूं. हालांकि, मैं अभी भी इंडस्ट्री में खुद को संभालने और आगे बढने़ की कोशिश कर रही हूं. मैं चाहती हूं कि सफर के साथ मेरी मंजिल भी खूबसूरत हो.इसके अलावा एक्ट्रेस ने पैपराजी कल्चर पर भी अपना राय देते हुए इसे थोड़ा अजीब बताया. हिना खान ने कहा कि, वो आज भी एयरपोर्ट पर या कहीं भी कैमरामैन और पैपराजी को देखकर चौंक जाती हैं. उन्हें इसके लिए पहले से टिप देना या हम कहां जा रहे हैं ये इंफॉर्मेशन शेयर करना अच्छा नहीं लगता है. साथ ही एक्ट्रेस एयरपोर्ट लुक वाले कॉन्सेप्ट को भी पसंद नहीं करती हैं इसलिए उन्होंने ये सब एक साल से छोड़ दिया है.हिना खान ने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपने पिता को खो देने और वजन बढने़ पर भी खुलकर बात की. उन्होंने कहा कि, शूटिंग के दौरान पिता के निधन की खबर से वो टूट गई थीं. साथ ही उन्होंने अपना वजन बढने़ को स्वीकार करते हुए खुद अपनी हैवी वेट तस्वीर सोशल मीडिया पर अपलोड की थी.



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com